26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 3 जनवरी, 2026

अंक- 71 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## मुस्तफ़ीजुर्रहमान नहीं होगा आईपीएल का हिस्सा

### बीसीसीआई का निर्देश- केकेआर बांग्लादेशी क्रिकेटर को हटाए

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफीजुर्रहमान को रिलीज करने के लिए कहा है। मुस्तफिजुर को खरीदने पर बॉलीवुड के सुपरस्टार और केकेआर के मालिक शाहरुख खान की काफी आलोचना की जा रही थी और अब इस मामले को लेकर बीसीसीआई भी सामने आया है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफीजुर को केकेआर टीम में शामिल करने पर लगातार विवाद हो रहा था। शाहरुख खान के खिलाफ लगातार बयान दिए जा रहे थे। दरअसल, विवाद की जड़ में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की घटनाएं हैं। हाल के महीनों में बांग्लादेश से आई इन खबरों ने भारत में चिंता बढ़ाई है। इन्हीं घटनाओं का हवाला देते हुए भाजपा और शिवसेना के कई नेताओं ने आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी को खेलने देने पर सवाल खड़े किए थे।

# प्रयागराज में उमड़ा आस्था का सैलाब

## पौष पूर्णिमा स्नान के साथ संगम तट पर माघ मेला शुरू

प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)। **माघ मेले में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के पर्व पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. कड़ाके की ठंड के बावजूद ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर दान पुण्य कर रहे हैं। पौष पूर्णिमा के पावन पर्व पर संगम की त्रिवेणी में स्नान और दान का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि पौष पूर्णिमा पितरों की पूर्णिमा है और यह कल्याण पर्व है?। इस मौके पर आस्था से लोग कल्याण की समस्त कामनाओं को लेकर लोग तीर्थराज प्रयाग आते हैं।**

इस दिन से ही संगम की रेती पर चलने वाले माघ मेले में कल्पवासी पितरों के मोक्ष और कामनाओं की पूर्ति का संकल्प लेकर कल्पवास की शुरुआत करते हैं। माघी पूर्णिमा तक चलने वाले इस पर्व पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। माघ मेले में आये कल्पवासी जीवन और मृत्यु के बंधनों से मुक्ति की कामना को लेकर अलौकिक शक्ति और ऊर्जा प्राप्त करने के लिए संगम की रेती में एक माह तक कठिन तप और जप करेंगे।



### 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालु व्रत रखकर, स्नान, दान और पूजा-पाठ करते हैं। जिससे घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है और नकारात्मकता खत्म होती है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न और कपड़े दान भी किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि पौष पूर्णिमा के दिन कच्चे फल और सब्जियों का भी दान करना चाहिए।

संगम की रेती पर पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व से लेकर 15 फरवरी महाशिवरात्रि के स्नान पर्व तक 44 दिनों तक चलने वाले माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को माघ मेले में 25 से 30 लाख श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

### मेले में सुरक्षा के हैं कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं के लिए 8 किलोमीटर लंबा घाट बनाया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी खुद ग्राउंड जीरो पर उतरकर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। ?मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस, पीएसी और आरएएफ की तैनाती की गई है। इसके साथ ही स्नान घाटों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जल पुलिस और गोताखोर तैनात किए गए हैं। माघ मेले पर एआई युक्त सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है।

माघ मेले में यूपी एटीएस के कमांडो भी तैनात किए गए हैं, जो किसी भी परिस्थिति में दुश्मनों से निपटने में सक्षम हैं। मेला अधिकारी ऋषि राज के मुताबिक हर दो घंटे पर स्नानार्थियों के स्नान का आंकड़ा जारी किया जाएगा। एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉक्टर अजय पाल शर्मा के मुताबिक मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### हरिद्वार में भी माघ पूर्णिमा स्नान पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिद्वार (एजेंसी/चिंगारी)। **उत्तराखंड के हरिद्वार में आज माघ पूर्णिमा का पावन स्नान पर्व श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कड़ाके की ठंड के बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे भक्तों ने गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सनातन परंपरा में माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से आए श्रद्धालु तड़के ही हरकी पैड़ी पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते नजर आए। गंगा सभा के पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने कहा कि माघ पूर्णिमा पर किया गया स्नान और दान अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन प्रभु श्री नारायण की विशेष कृपा भक्तों पर बरसती है।**





सभी ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को मेरी ओर से

**नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं**

मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि यह वर्ष आप सबके लिए सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं आपकी ग्राम पंचायत के लिए व्यवस्था एवं विकास के नए स्वरूप को लेकर आये।

शुभकामना संदेश एवं अपील

1.अपने ग्राम एवं ग्राम पंचायत को हमेशा साफ रखें तथा शिक्षा व स्वास्थ्य को अपनायें एवं नशाखोरी को मिटायें। 2.इस अवसर पर अपनी अपनी ग्राम पंचायतों को एक आदर्श एवं मॉडल ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लें। 3.आने वाले पंचायत चुनाव में सर्व सम्मति से योग्य एवं शिक्षित युवाओं को आगे आने के अवसर प्रदान करें। 4.गांव में पार्टीबाजी, गुटबाजी एवं भेदभाव को मिटाकर परस्पर सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास करें। 5.आने वाले पंचायत चुनाव में दारू/दावत एवं मतदाताओं की खरीद फरोख्त को अपनाने वाले प्रत्याशियों का बहिष्कार करें।



निवेदक- **समरपाल सिंह**
(सामाजिक कार्यकर्ता)
ग्राम मौजीपुर, ग्राम पंचायत गोपालपुर
वि.खं. हल्दौर, जनपद बिजनौर, मो. 9411228612



**गीजर ही गीजर**



**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 4 जनवरी 2026**

मेष- आज दिन 9/49 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, स्वयं का निर्णय हितकर, यश में वृद्धि, शेष समय अशुभ, प्रगति में अवरोध, वैवाहिक अड़चनें, अकेलेपन की अनुभूति।

वृषभ- उन्नति का मार्ग प्रशस्त, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, जीवन साथी से सामंजस्य, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, वरिष्ठजनों से सम्पर्क।

मिथुन- पराक्रम में वृद्धि, परिस्थितियां अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, सुसंदेश की प्राप्ति, सद्‌विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

कर्क- आज दिन 9/43 बजे तक कार्यों में गतिरोध, समस्याएं प्रभावी, मानसिक तनाव, यात्रा दुखद, शेष समय उन्नतिकारक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, भोग-विलासिता में रुचि।

सिंह- आज दिन 9/43 बजे तक आर्थिक प्रगति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि, शेष समय में जोखिम से नुकसान, पारिवारिक उलझनें, विवाद की आशंका।

कन्या- कार्य-व्यवसाय अर्थ-पक्ष में उन्नति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, जीवन साथी से सानिध्य, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति।

तुला- अधूरे कार्यों की पूर्ति, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, आशानुकूल घटना घटित, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में अभिरुचि, मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- आज दिन 9/43 बजे तक आशा के विपरीत, स्वजनों से विवाद, सम्बन्धों में कटुता, कष्ट भी, शेष समय शुभ फलदायी, महत्वपूर्ण उपलब्धि, मंगलकृत्य सम्पन्न।

धनु- आज दिन 9/43 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, विचारित कार्यों में उन्नति, नवसम्पर्क का सुयोग, शेष समय कष्टकर, प्रेमसम्बन्धों में कटुता, वाहन से कष्ट।

मकर- दिनमान अनुकूल, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर।

कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, पारिवारिक खुशी, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, महत्वपूर्ण सफलता।

मीन- आज दिन 9/43 बजे तक व्यावसायिक हानि, सहयोगियों से असहयोग, प्रियजनों से मतभेद, शेष समय बेहतर, आशानुकूल घटनाएं घटित, प्रसन्नता भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने किया अलाव रैन बसेरे का निरीक्षण

**नगीना (चिंगारी)।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने नगीना में पालिका द्वारा जलवाये जा रहे अलाव व रैन बसेरे का निरीक्षण किया। एडीएम (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने एसडीएम विजय शंकर व तहसीलदार के साथ पालिका द्वारा नगर में जलवाये जा रहे अलाव व रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड परिसर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने रैन बसेरे का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद उनके आसपास भी लगातार अलाव जलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पालिकाकर्मियों से सभी अलाव के चयनित स्थानों पर रात भर पर्याप्त व्यवस्था रखने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने आसपास मौजूद दुकानदारों व लोगों से भी अलाव के बारे में जानकारी हासिल की।



नगीना में पालिका द्वारा जलवाये जा रहे अलाव के स्थानों का निरीक्षण करतीं एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित।



नगीना में पालिका द्वारा सीएचसी में बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण करतीं एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित।

# विदुरकुटी उपेक्षित क्यों?

**“ आज आवश्यकता इस बात की है कि बिजनौर की धार्मिक विरासत को केवल इतिहास की धरोहर न मानकर, भविष्य के विकास का आधार बनाया जाए। यही दृष्टि जिले को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बना सकती है।**




भारत में धार्मिक पर्यटन ने पिछले कुछ वर्षों में एक नई और सशक्त पहचान बनाई है। अयोध्या, काशी, उज्जैन, केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसे तीर्थ स्थलों ने न केवल आस्था का केंद्र बनकर करोड़ों श्रद्धालुओं को आकर्षित किया, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को भी नई दिशा दी है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि महाभारत कालीन ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध जनपद बिजनौर अब तक इस धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर अपनी उचित पहचान क्यों नहीं बना पाया। जनपद बिजनौर का विदुरकुटी स्थल भारतीय संस्कृति और दर्शन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र है। महाभारत के महान नीति-ज्ञाता महात्मा विदुर से जुड़ा यह स्थल केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और दार्शनिक दृष्टि से भी अनुपम है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतना महत्वपूर्ण स्थल आज भी अपेक्षित विकास, प्रचार-प्रसार और श्रद्धालु सुविधाओं से वंचित है। यदि विदुरकुटी का समुचित विकास किया जाए, तो यह स्थल राष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

इसी प्रकार गंज क्षेत्र में स्थित गंगा जी के पौराणिक घाट, प्राचीन मंदिर और धार्मिक परंपराएं बिजनौर की आध्यात्मिक पहचान को और सुदृढ़ करती हैं। गंगा स्नान, पूजा-अर्चना और पर्व-त्यौहारों के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, किंतु आधारभूत सुविधाओं, मार्गदर्शन व्यवस्था और सुव्यवस्थित पर्यटन ढांचे के अभाव में यह क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप विकसित नहीं हो सका है।

जब देशभर में धार्मिक पर्यटन को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जा रहा है, तब बिजनौर जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले जनपद की उपेक्षा चिंताजनक है। वर्ष 2026 में आवश्यक है कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को लेकर विदुरकुटी और गंगा तटवर्ती स्थलों के लिए विशेष विकास योजना बनाए। इसमें सड़क संपर्क, स्वच्छता, श्रद्धालु निवास, स्थानीय गाइड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और डिजिटल प्रचार जैसे पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। धार्मिक पर्यटन का विकास केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह स्थानीय रोजगार, हस्तशिल्प, परिवहन, होटल एवं सेवा क्षेत्र के लिए भी नये अवसर खोलता है। यदि विदुरकुटी और गंगा घाटों को समुचित पहचान और सुविधा मिले, तो बिजनौर धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अपनी खोई हुई पहचान पुन: प्राप्त कर सकता है।

**-विकास कुमार अग्रवाल**
डिवीजनल चेयरमैन, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA)

# नववर्ष पर





विगत वर्ष के आंचल से,
अनेक उपलब्धियां समेटे,
नया वर्ष...
देशवासियों के दामन में,
नई उमंगें/आशाएं/विश्वास जगाएगा
और बीते कल से,
आने वाले कल के,
अन्तर का एहसास कराएगा
और यही एहसास
पहला पत्थर होगा।
सुखद भविष्य के आधार का,
विश्व बन्धुत्व की भावना का,
सद्भावना का और प्यार का।
हे प्रभु!
मेरी इस प्रार्थना
को स्वीकारो,
बस कह दो,
तथास्तु!
तथास्तु!!
तथास्तु!!!



**-रश्मि अग्रवाल**
मो. 09837028700

# तेलंगाना में लगेगी गांधीजी की दुनिया में सबसे ऊंची मूर्ति

**हैदराबाद ( एजेंसी/चिंगारी ) ।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार महत्वाकांक्षी मूसी नदी जीर्णोद्धार परियोजना के अंतर्गत गांधी सरोवर (बहू घाट), लंगर हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में कहा कि बापू घाट का बहुत ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यह मूसी और ईसा नदियों का संगम स्थल है, जहां महात्मा गांधी की अस्थियों का विसर्जन किया गया था। इस बात पर बल देते हुए कि मानव सभ्यता हमेशा नदी घाटियों के किनारे ही फली-फूली है, उन्होंने काकातीयों से लेकर निजाम युग तक



हैदराबाद की जल प्रबंधन विरासत पर बात की। श्री रेड्डी ने याद दिलाया कि 1908 की विनाशकारी बाढ़ के बाद, निज़ाम सरकार ने स्थायी समाधान के रूप में उस्मान सागर और हिमायत सागर जलाशयों का निर्माण किया, जो आज भी हैदराबाद की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि आलोचनाओं के बावजूद उनकी सरकार ने इन जलाशयों के प्रदूषण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लंदन, न्यूयॉर्क, जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे वैश्विक शहरों में नदी तट विकास मॉडल का अध्ययन किया है और पाया है कि सभी विश्व स्तरीय शहर अपने नदी घाटियों की रक्षा करते हैं।

# यूपी में 12वीं तक के सभी स्कूल 5 जनवरी तक बंद

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में ठंड और शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12वीं कक्षा के सभी स्कूलों को पांच जनवरी तक बंद कर दिया गया है। योगी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल 5 जनवरी तक बंद रहेंगे। यह आदेश सभी बोर्डों के विद्यालयों पर लागू होगा। योगी ने शीतलहर को लेकर अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण और अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाए। इसके लिए सभी रैन बसेरों में पर्याप्त बिस्तर, कंबल, हीटर, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, रैन बसेरों की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाये। शीतलहर से बचाव के सभी इंतजाम समय रहते पूरे हों और किसी भी स्तर पर शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

# वालीबॉल मैच के दौरान दो गुटों में मारपीट, कई घायल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शुक्रवार की देर शाम ग्राम सीरवासुचंद में वॉलीबॉल खेलते समय हार-जीत को लेकर सीरवासुचंद निवासी कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के कई युवक घायल हो गये। सूचना पाते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह व कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई मनवीर सिंह सहयोगी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था बनाई। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि एक पक्ष की ओर से कमल कुमार पुत्र रोहिताश सिंह से प्राप्त तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के पांच नामजद सलमान, अरबाज, लियाकत पुत्रगण असलम, नईम पुत्र नसीम व आसिफ पुत्र नामालूम एवं कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 191(2), 193, 352, 351(3),131, 118 (1), 109(1) बीएनएस व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिनमें चार नामजद आरोपियों सलमान, अरबाज, लियाकत व नईम को गिरफ्तार कर उनका चालान किया गया है। उधर, दूसरे पक्ष ने पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को एक पक्षीय और पक्षपातपूर्ण बताया है जिसे लेकर उनमें रोष है। उन्होंने अपनी सुनवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।

**एक पक्ष के चार आरोपी गिरफ़्तार**

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
Siddharth Jewellers SJ
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957



कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**भली लगे या बुरी ...**

## समाज की भी जिम्मेदारी

यौन अपराध रोकने के लिये न केवल कानून में तत्काल कड़ी से कड़ी सजा के प्रवधान होने चाहिएं, बल्कि समाज को भी दिशाहीनता और वैचारिक शून्यता से बाहर निकलकर संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। आज का बाजारवाद भी आधी आबादी की आजादी की बात चाहे जितनी कर रहा हो, उसके लिए उसका महत्व किसी 'आइटम' से अधिक नहीं है। वह लगभग हर विज्ञापन में जब उसे परोसता है तो महिला अस्मिता का सम्मान नहीं करता बल्कि उसे इसी रूप में देखता है। ऐसे भी अवसरों की कमी नहीं है, जब वह उसकी शालीन पहचान को भदेस ढंग से प्रस्तुत करता है और शारीरिक सौंदर्य तक ही उसकी सारी क्षमताओं को बांधने की कोशिश करता है। सौंदर्य सम्बन्धी विज्ञापनों और प्रचार सामग्री के सन्दर्भ में इस तथ्य को महसूस करना कठिन नहीं है। इसी के चलते खमोश स्तर पर भी महिलाओं का शारीरिक शोषण काफी बढ़ा है और कई बार तो ऐसे खेल में पुलिस तक शामिल होती है। जबकि इसके विपरीत होना यह चाहिए था कि 'आधी आबादी' जब घर से बाहर निकल रही हो तो उसे ईकाई के रूप में भी विकास के सारे अवसर दिये जाएं और उसे एक आत्मनिर्भर नारी बनाने में हमारा समाज पूर्ण सहयोग करे। दरअसल, पुरुष नियंत्रित समाज उसकी आजादी की न केवल गलत ढंग से व्याख्या करता है बल्कि उसे गलत रास्तों पर चलने के लिए भी गुमराह कर रहा है। सभी स्तरों पर महिला उत्पीड़न का यह सिलसिला थमे, तभी उसके साथ वास्तविक न्याय हो सकता है। इस सम्बन्ध में मीडिया की भूमिका भी अजीब है। विशेष कर जिस तरह से इलेक्ट्रानिक मीडिया महिलाओं समेत समूचे समाज को कूप मण्डूक बनाने पर तुला हुआ है, उसकी भूमिका भी ऐसे हादसों में कम नहीं है। यह इलेक्ट्रानिक मीडिया को ही बताना होगा कि सास-बहू के झगड़ों, धर्म के नाम पर अधकचरी जानकारियां, अंधविश्वास, डरावनी और सुहानी भविष्यवाणियों का क्या वैज्ञानिक आधार है? इनसे समाज क्या सीख रहा है? आधुनिकता के नाम पर वह सिर्फ उन्हीं चीजों को आगे बढ़ा रहा है, जिनके बिकने की गुंजाइश रहती है। जो बिकने लायक है, वही इस मीडिया और बाजार की पहली पसन्द है। जो स्वस्थ मूल्य और आदर्श समाज को बनाने में परम्परागत भूमिका निभाते आये हैं, उन्हें हर तरह से हतोत्साहित करना इसका शगल हो गया है।

# सुख का मूल मंत्र है सबके साथ मिलकर सुखी होना

**▶▶ अंजनी सक्सेना**

जीवन में हर व्यक्ति सुख चाहता है। हां, सुख के पैमाने सबके अलग हो सकते हैं। किसी को अमीरी में सुख का पर्याय नज़र आता है, तो किसी को सच्चा प्यार करने वाले जीवन साथी में। किसी को सत्ता में खुशियां दिखती हैं, तो किसी को बुलंदियों की प्रसिद्धि में। बुलंदी को छूने की चाह रखने वाले भूल जाते हैं, जैसा कि किसी शायर ने कहा है-

**शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है**
**जिस डाल पर बैठे हो वो टूट भी सकती है।**

बाजारवाद ने छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सभी को बरगला रखा है। उपभोक्ता संस्कृति ने जीवन मूल्यों पर कुठाराघात किया है। पैसा फैंको तमाशा देखो, वह चाहे फाइव स्टार का अनेक कोर्स वाला डिनर हो या मल्टीप्लेक्स की लक्जरी में बैठकर देखी गई कोई फिल्म या ब्रान्डेड कपड़ों की खरीददारी। इन चीजों ने मिडिल, लोअर मिडिल क्लास को ऐसा लुभाया है कि लोग अपनी जेब देखे बगैर खरीदते हैं और जब कड़की सताने लगती है तो आर्थिक और मानसिक दुष्चिंताओं के कुचक्र में धंसते चले जाते हैं।



अगर व्यक्ति थोड़े में प्रसन्न होने की कला सीख लें तो उसके लिये सुख के मौकों की कमी नहीं है। छोटी-छोटी चीजें जैसे कुछ रंगीन पत्थर, पटरी पर से खरीदी दो चार रूपये की माला, सस्ती सी कोई नयी क़लम, अच्छी सी किताब या सस्ते से खिलौने। इधर-उधर से इकट्ठी की गई रंगीन तस्वीरें भी किसी महिला को अपार सुख दे सकती हैं। बच्चों में तो ये कला कुदरती होती है, तब तक जब तक बड़े उन्हें बिगाड़ नहीं देते।

प्रकृति से जुड़ाव रखने वालों को इसके सानिध्य में अपार सुख मिलता है, लेकिन यह भी सच है कि कोई कितनी देर तक प्रकृति को निहार सकता है। इसी तरह म्युजिक भी एक सीमा तक ही सुनाया या गाया जा सकता है। किसी को बिस्तर पर लेटे रहना बहुत सुकून देता है, मगर ऐसा कोई कितनी देर तक कर सकता है। रात के सात-आठ घंटे आराम के लिये कम नहीं होते। ऊब इंसानी जिन्दगी का आवश्यक हिस्सा है।

सुखी रहने के लिए व्यस्त रहना जरूरी है। जार्ज बनार्ड शॉ का मानना था कि दुखी और चिन्तित होने के लिए मनुष्य के पास फालतू वक्त होना चाहिए। जिसके पास करने के लिए ढेरों काम पड़ा है, उन्हें इतनी फुर्सत कहां होगी कि बेकार की बातें सोचे और चिंता और दुख में डूबे।

सुखी रहने के लिए दिमागी संतुलन अतिआवश्यक है और यह आसानी से नहीं बनता। इसके लिये निरंतर प्रयत्न करना पडता है। आजकल जीने की कला सिखाने वाले गुरूओं की बाढ़ सी आई हुई है। लोगों की तनावग्रस्त जिन्दगी, उससे उपजता मानसिक असंतुलन और उससे निपटने के लिए इधर-उधर गुरूओं को खोजना। यह सब इन धर्म गुरूओं के लिए वरदान बन गया है। उनकी इस कमजोरी आध्यात्म भी आज बिकाऊ सामग्री बन गया है।

लोग यह नहीं जानते कि सुख तो हमारे भीतर है, कस्तूरी के मृग की तरह हम उसे इधर-उधर ढूंढते फिरते हैं। वह सुख की चाह ही है जो लोगों को फिर से धर्म और आध्यात्म की ओर उन्मुख कर रही है, लेकिन धर्म का आधुनिक संस्करण सिर्फ उनकी जेबें खाली करता है। आज बच्चों की मासूमियत खत्म होती जा रही है, वे समय से पहले प्रौढ़ हो रहे हैं। मासूमियत अपने आप में एक सुख है।

इंग्लिश में कहावत है इग्नोरेंस इज ब्लिस। हमारी त्रासदी यह है कि हम ओवर स्मार्ट बनते जा रहे हैं। मोबाइल आज का भगवान है। हर समय उसी की आरती उतारते भक्तगण दुनिया से बेगाने हो रहे हैं। क्या जब कम्प्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल नहीं था, तब लोग पिछड़े और मूर्ख थे? मोबाइल आज की जनरेशन की लाइफ लाइन है। यह किस प्रकार का जीवन है?

आधुनिक युग के इन सब साधनों ने व्यक्ति को स्व-केन्द्रित बना दिया है। बड़े बुजुर्गों के लिए आज घर के अन्य सदस्यों के पास जरा भी वक्त नहीं। सेवा की बात तो दूर, विदेशों में बसी संतान, उनके अंतिम समय में भी उनके पास नहीं होती। क्या यही है सुख? सिर्फ डॉलर कमाना, या अपने ही देश में धन कमाना?

बड़े बूढ़ों का आशीर्वाद न हो जहां, वहां सुख कैसा है? उनकी हंसी छीनकर उन्हें लाफ्टर क्लबों की राह दिखाई जा रही है। यह है हमारी प्रगति। बच्चों को क्रैच में छोड़ते हुए क्या उनका भीतरी क्रन्दन हम सुन पाते हैं?

खुशी रिलेटिव टर्म है। आप जंगल में अकेले खुश रह सकते हैं? खुश आप दूसरों के साथ रहते हैं, उनके सुख-दुख में काम आकर। अपनों की खुशी को अपनी खुशी समझकर। परोपकार में भी आत्मिक सुख मिल सकता है।

वह सुख सच्चा सुख नहीं हो सकता, जिसमें और भी शामिल न हों। आपके सामने कोई दर्द से छटपटा रहा हो, भूख से बिलबिला रहा हो, मृत्यु के कगार पर हो तो आप कितनी ही प्रसन्नता से भरे हों, सम्वेदना से तड़प उठेंगे। सुख का मूल मंत्र है सबके साथ मिलकर सुखी होना और वह तभी संभव है जब हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकें। (विभूति फीचर्स)

# विवाह तो शरीर का होता है!

**प्रेरक-प्रसंग**

सूफी परंपरा में रबिया नाम की बड़ी संत हुई है। उनका जन्म बसरा के एक गरीब परिवार में हुआ। माता-पिता का बचपन में ही देहांत हो गया, तो किसी ने रबिया को एक सेठ के यहां बेच दिया। वह सेठ निर्दयी था, उनसे काम कराता और पीटता था। रबिया एक रात में घर से निकल पड़ी। जंगल में वह ठोकर खाकर गिर गई और उनका हाथ टूट गया। उन्होंने धरती पर माथा टेकते हुए प्रार्थना की, हे प्रभु! मुझे अपनी इस दुर्दशा का शोक नहीं है। मैं तुझे भूलूं नहीं और तू मुझ पर प्रसन्न रहे, बस यही एक प्रार्थना है। इसके बाद वह लौटकर फिर सेठ के यहां पहुंच गई। एक दिन रात में वह प्रार्थना कर रही थी, हे प्रभु तेरी सेवा में ही मेरा दिन-रात बीते, ऐसी मेरी इच्छा है, पर क्या करू? तूने मुझे पराधीन दासी बनाया है, इसलिए सारा समय तेरी उपासना में नहीं दे सकती। इसके लिये मुझे क्षमा करना। रबिया की प्रार्थना सेठ ने सुन ली। उसे अपनी कठोरता पर पश्चाताप हुआ और उनसे क्षमा याचना कर कहा, आप मेरे घर में रहेंगी, तो मैं आपकी सेवा कर अपना जीवन बिताऊंगा। यदि जाना चाहें, तो आपकी इच्छा। इसके बाद रबिया सत्संग में जाने लगी। उन दिनों सूफी संत हुसैन बसरा में ही थे। उन्होंने रबिया से पूछा तुम्हारा मन विवाह करने का है। रबिया ने उत्तर दिया, विवाह तो शरीर का होता है, यह शरीर तो मैं ईश्वर को अर्पित कर चुकी हूं, अब किस शरीर से मैं विवाह करूं। इस तरह वह जीवन पर्यंत ईश्वर भक्ति में लीन रहीं।

# स्योहारा में हर्षोल्लास के साथ निकला नगर कीर्तन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शुक्रवार को श्री गुरु गोविंद सिंह प्रकाश उत्सव पर विशाल नगर किर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन से पूर्व निशान साहिब की सेवा सरदार रविन्द्र सिंह द्वारा की गयी। नगर कीर्तन से पहले गुरूद्वारे मे अखण्ड पाठ की समाप्ति हुई और बाद में लंगर छकाया गया। पंच प्यारों की अगुवाई में निकाले गये नगर किर्तन में सिख गुरूओ की कुर्बानियां प्रदशित की गयी। नगर कीर्तन का आरंभ गुरूद्वारा से दोपहर 1:00 बजे किया गया। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह के जीवन को दर्शाती हुई अनेक झांकियां सामिल रही, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। नगर कीर्तन का लगभग 12 स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में फौजी पाइप बैंड तथा श्री हरगोविंद साहिब शास्त्र विद्या विद्यालय मुरादाबाद अखाड़ा व रूद्रपुर से आए अखड़े ने करतब दिखाए पंच प्यारों के लिए मुरादाबाद से आए नरेंद्र सक्सेना नें पुष्प वर्षा की। उनका पुष्प वर्षा का तरीका लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। नगर कीर्तन का नेतृत्व गुरुद्वारा सिंह सभा के सरदार मनप्रीत सिंह, सरदार



सिमरनदीप सिंह सरदार सतनाम सिंह, अरविंदर सिंह,जगदीप सिंह, गुरदीप सिंह, कमलजीत सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के संरक्षक डॉ. एच एस कालरा आदि ने किया। नगरकिर्तन का स्वागत अरूण वर्मा, सरदार अवतार सिंह,श्री दिगम्बर जैन मंदिर समिति की और से संजीव जैन,अन्नत जैन,लक्ष्मी टांसपोर्ट के स्वामी संजय जैन,बाबा जैन, कुरी हाउस पर चौधरी फहीमुर्हमान, बली उर रहमान,भाजपा नेता अनिल कुशवाहा, डा. एच एस कालरा, आशीष महेश्वरी, सोनू रस्तौगी, विपिन मिगलानी, राहुल मिगलानी, रजत मिगलानी, सिमरनदीप उर्फ हेम,मनोज छाबड़ा ने स्वागत किया। इस दौरान सभी को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी संजय सिंह को विशेष रूप से व्यवस्था बनाने के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

### इनकी भी मौजूदगी रही

वरिष्ठ समाज सेवी डा. मनोज वर्मा, अरूण वर्मा, डा. राजबहादुर शर्मा,राजवीर त्यागी,संजय जैन,दलजीत सिंह उर्फ रिंकू, राहुल मिगलानी, रजत मिगलानी,सुरेंद्र सिंह बिल्लू ,चरनजीत सिंह, मनप्रीत, लवजीत सिंह, अनिल कुशवाहा, मास्टर मोहित रस्तोगी, अवतार सिंह, हेम सिंह, रोक्सी,आसू,राजन, जगदीप सिंह,गुरविंदर सिंह ऐनी,मोहित रस्तौगी ,विशाल चौहान, पीयूष रस्तौगी,रजत रस्तौगी, सनी रस्तौगी, डा. आसिफ, बिट्टू, डा. अदनान, डा. मारूफ, डा. एनडी हाशमी, प्रभजोत सिंह बादल ताजपुर, ज्ञानी जितेंद्र सिंह,हरनीत सिंह जैकी, रवि, चन्दकान्त त्यागी, रवि भटनागर, प्राशू नेगी, डा. अजय राणा आदि मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## ऋणियों के लिए ओटीएस 31 मार्च तक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उ.प्र. अनु. जाति वित्त एवं विकास निगम लि. जागेश्वर सिंह ने ऐसे अनुसूचित जाति के ऋणियों को सूचित करते हुए बताया है जिन्होने जिला प्रबन्धक, उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि., बिजनौर से स्वत: रोजगार योजना, स्वच्छकार विमुक्ति एवं पुनर्वासन योजना, अनुविनि की लघु ऋण योजना, वाहन योजना, पम्पसैट योजना, सिलाई मशीन योजना, रिक्शा योजना, महिला समृद्धि योजना, में ऋण पूर्व वर्षों में लिया है, और कतिपय कारणो से जमा न कर पाये हों तथा वर्तमान में उनके ऋण खाते में ब्याज का आंकलन कर धनराशि अधिक बकाया हो चुकी है, के लिए एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस)31 मार्च तक चलाई गयी है। इस योजना में चकवृद्धि ब्याज, दण्ड ब्याज माफ किये जाने का प्रावधान है।

## देवल पंचायत में शामिल हुए किसान



भाकियू के कार्यकर्ता पंचायत के लिए रवाना हुए।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मुजफ्फरनगर के देवल में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में भाग लेने के लिए भारतीय किसान यूनियन की टीम ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह के नेतृत्व में देवल के लिए रवाना हुई।इस अवसर पर जिला सचिव मास्टर देवेन्द्र सिंह,जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, युवा ब्लॉक अध्यक्ष मोनू चौधरी, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, नासिर मलिक, मोहम्मद शमशेर, भोपाल सिंह,यादराम सिंह, दुष्यंत यादव, मोहित चौहान, दिग्विजय सिंह, राजेश कुमार दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले वैलफेयर सोसाइटी एवं अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एकता संघ बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका समाज सेवी व कवियत्री सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाई गई। भरत विहार निवासी सेवानिवृत्त फ्लाइंग ऑफिसर सूरजमल सैनी के आवास पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में वक्ताओं ने सावित्री बाई फुले को सामाजिक न्याय की साक्षात देवी बताते हुए कहा कि उन्होंने महिला शिक्षा के लिए जीवन-पर्यंत कार्य किया। उनका जीवन और उनके विचार हर उस व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं, जो समाज में वास्तविक बदलाव लाना चाहते हैं। सावित्री बाई फुले का जीवन संघर्षों की दास्तान है। उनके आदर्शों को अपनाना ही उनके प्रति सेवा होगी। कार्यक्रम में प्रधान कल्याण सिंह सैनी, मास्टर इंद्रपाल सैनी, अनिल सैनी, डॉ शिवराज सैनी, डॉ. अमर सिंह सैनी, सूरजमल सैनी, संजीव कुमार सैनी, ब्रजभूषण, क्षेमेंद्र कुमार सैनी, देवेन्द्र सैनी, सुमन सैनी, सोना देवी, रीना रानी, ऋषिपाल सैनी, विकाश कुमार, सुनीता सैनी मौजूद रहे।

# पकड़े गये तीन मोटरसाइकिल चोर पुलिस ने रवाना किया जेल की ओर

**नहटौर ( चिंगारी )। नहटौर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 7 बाइकें बरामद हुईं हैं।**

ब्लॉक परिसर से 23 जून को ग्राम पंचायत सचिव विशेष कुमार की बाइक चोरी हो गई थी। विशेष कुमार ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की रात नहटौर- कोतवाली मार्ग पर नहटौर डिग्री कॉलेज के पास आम के बाग के निकट उप निरीक्षक संयम यादव वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने विशान्त उर्फ छोटू पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम राजोपुर थाना कोतवाली देहात, मयंक उर्फ भोलू पुत्र रावेन्द्र सिंह व अभित उर्फ रून्दू पुत्र निपेंद्र निवासी ग्राम गोगली थाना हीमपुर दीपा को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान



उन्होंने बताया कि नहटौर ब्लॉक से एक बाइक चोरी की थी। साथ ही अलग-अलग स्थानों से उनकी निशानदेही पर चोरी की 6 अन्य बाइकें बरामद की गयी। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान तीन जनपदीय स्तरीय वाहन गिरोह चोर को वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

# विद्यालय परिसर में खड़ी कारों को निशाना बनाया रात्रि में शीशे तोड़कर अंदर रखा सामान चुराया

## एक संदिग्ध युवक पकड़ में आया



**धामपुर ( चिंगारी )।** अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) कार्यालय के पास स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में खड़ी कारों को शरारती तत्वों ने निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रात के समय अज्ञात युवक द्वारा दो कारों के शीशे तोड़ दिये गये और उनमें रखा कीमती सामान चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी सुबह होने पर वाहन स्वामियों और मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि कंपोजिट विद्यालय परिसर में एक दर्जन से अधिक वाहन रोजाना खड़े रहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस स्थान पर दिनभर नशेड़ियों का आना-जाना बना रहता है। जिससे पहले भी असुरक्षा की आशंका जताई जाती रही है। सुबह जब वाहन स्वामी मौके पर पहुंचे, तो टूटी हुई गाड़ियों को देखकर उन्होंने शोर मचाया। इसी दौरान परिसर में एक संदिग्ध युवक घूमता दिखाई दिया। पूछताछ में उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर मोहल्लेवासियों ने उसे पकड़ लिया।

सूचना मिलने पर डायल 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद से वाहन स्वामियों में दहशत का माहौल है और लोगों ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की मांग की है।

# किसानों की समस्याएं करें दूर, वरना होंगे आंदोलन को मजबूर

## भाकियू-अ की तहसील स्तरीय मासिक बैठक

**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील धामपुर के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील स्तरीय मासिक बैठक में किसानों के ज्वलंत मुद्दों के बारे में चर्चा हुई।

बैठक में खतौनी में अंश निर्धारण में हुई गड़बड़ियों को शीघ्र ठीक कराने, निराश्रित पशु और जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को बचाने का प्रबंध करने, किसानों का क्रेडिट कार्ड पर लोन चुकता ने होने पर किसान अपनी जमीन जो बेचता है उसको क्रेटा के खाते में अमल दरामद कराने की मांग की गई। बैठक में-गांव गांव छत के ऊपर बंदर और गली मोहल्ले में घूमने वाले खतरनाक कुत्तों को पकड़वाकर आम आदमियों को उनके आतंक से मुक्त कराने की भी मांग की गई। बैठक में मौजा रानी नंगल की बैंड खतौनी शीघ्र अति शीघ्र खोली जाने की भी मांग की गई।

किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि उपरोक्त समस्याएं अगर 30 दिन के अंदर प्रशासन समाप्त कराने में सहयोग नहीं करता है, तो भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक आंदोलन को विवश होगी। बैठक में दर्शन सिंह फौजी, महल सिंह, भानु प्रताप, राणा वीरेंद्र कुमार, दिनेश प्रधान, सुनील प्रधान, आनंद कुमार, अरविंद राजपूत, धनवीर सिंह, राजकुमार, दिव्यम राणा, चारुल चौहान, योगेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, हरि ओम, हुकम सिंह, विजयपाल सिंह, सुभाष चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, प्रेम कुमार, सुशील कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

# 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित विधायक ने अनेक समस्याएं कीं निस्तारित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार, अभियान के अंतर्गत 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम छिद्रवाला स्थित सैनिक भवन में आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, लोक निर्माण विभाग 29 विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों की विभिन्न जनसमस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिये। कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे जनता को तत्काल राहत मिली। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का उद्देश्य शासन-प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ना है, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर ही हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष समस्याओं का भी समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निवारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गोकुल रमोला, राज्य मंत्री डॉ. सुरेंद्र मोघा, राज्य मंत्री श्रीमती मधु भट्ट, कार्यक्रम प्रभारी रायवाला भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, पूर्व प्रमुख भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार एकता मंच ने नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया



कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** पत्रकार एकता मंच की ओर से शुक्रवार को शीला टाकीज के निकट मंच के उपाध्यक्ष राकेश कुमार के आवास पर नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नववर्ष पर पत्रकार एकता मंच की एकजुटता और आगामी वर्ष में नए सामाजिक व अन्य कार्यक्रम करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष सुशील रस्तौगी ने की और संचालन कोषाध्यक्ष यतेंद्र शर्मा एडवोकेट ने किया। अध्यक्ष मनोज कात्यायन व उपाध्यक्ष राकेश कुमार की ओर से सभी साथियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान राकेश कुमार ने कहा कि

## नव वर्ष में एकजुटता का संकल्प लिया

मंच में सभी साथियों को एकजुट रहना चाहिए और जिस प्रकार मंच की ओर से अभी तक सफल कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं, उसी प्रकार आगामी वर्ष में भी कार्यक्रम होने चाहिए। अध्यक्ष मनोज कात्यायन, संयोजक राहुल श्याम, मंत्री राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष यतेंद्र शर्मा एडवोकेट आदि ने भी विचार रखें। कार्यक्रम में मनोज कात्यायन, राकेश कुमार, सुशील रस्तौगी, दिग्विजय सिंह, इमरान खान, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, राहुल श्याम, लोकेश कुमार, अमित शर्मा, राजीव कुमार आदि शामिल रहे।

# गुरु गोविन्द सिंह जी के तीन दिवसीय प्रकाशोत्सव का शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** खालसा पंथ के सृजनहार दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359 वें तीन दिवसीय पावन प्रकाशोत्सव का आज पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे के दीवान हॉल में शुभारंभ हो गया है। प्रातः काल नित नेम के बाद भाई बेअंत सिंह जी के रागी जत्थे ने शब्द गुरु वाणी का गायन किया। धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर साहब से आये प्रचारक ज्ञानी सतवंत सिंह खालसा, गुरु घर के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरुओं के इतिहास पर प्रकाश डाला। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा को बिजली की रंग बिरंगी झालरों, फूलों रंग-बिरंगे गुब्बारे से सजाया गया है। पूरी पंजाबी कॉलोनी में सजावट की गई है। प्रकाश पर्व को लेकर सिख और पंजाबी समाज में उत्साह बना हुआ है कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर से सिख संगत धामपुर पहुंच गई है। समाचार भेजे जाने तक नगर कीर्तन निकाले जाने की तैयारी चल रही है।

# सड़क का भी होगा निर्माण, पेड़ों का भी नहीं होगा कटान

## दुर्गा विहार से राजपूताना तक सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण के कारण रूकी पड़ी 28 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजोर्ट तक सड़क चौड़ीकरण योजना का मार्ग अब धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा के प्रयास से प्रशस्त हो गया है। इसको लेकर पिछले करीब चार महीनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होने की ओर अग्रसर है।

दुर्गा विहार कॉलोनी से लेकर राजपूताना रिजॉर्ट तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य वन विभाग द्वारा 35 पेड़ों के कटान की अनुमति न देने के कारण अटका हुआ था, उसमें अब बड़ी राहत मिलती दिखाई दे रही है। धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक स्तर पर बनी सहमति के बाद यह साफ हो गया है कि सड़क भी बनेगी, विकास भी होगा और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा।

सड़क चौड़ीकरण के बीच में आने वाले करीब 35 पेड़ों को लेकर वन विभाग से अनुमति न मिलने के कारण 28 करोड़ रुपये की यह परियोजना अधर में लटक गई थी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे मार्ग का निरीक्षण किया और समाधान की दिशा में कार्य शुरू किया। धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा ने बताया कि बीते दिनों प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने धामपुर की इस समस्या को गंभीरता से रखा था। बैठक में वन विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आमने-सामने बैठे और जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने धामपुर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद यह सहमति बनी कि जहां-जहां पेड़ सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे हैं, वहां सीमित हिस्से को छोड़ दिया जाएगा, जबकि बाकी पहले से तोड़ी गई सड़क का कार्य पूरा किया जाएगा। इस तरह परियोजना को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। वन विभाग के डीएफओ ने भी स्पष्ट किया है कि पेड़ों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं और करीब 90 प्रतिशत पेड़ कटने से बच जाएंगे। इससे एक ओर जहां सड़क निर्माण को गति मिलेगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। विधायक अशोक राणा ने कहा कि वे धामपुर के विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं और जनता को बेहतर सड़क सुविधा दिलाने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी उनकी प्राथमिकता है। फिलहाल प्रशासनिक सहमति के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि बहुत जल्द दुर्गा विहार कॉलोनी से लेकर नगीना चौक होते हुए राजपूताना रिजॉर्ट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य दोबारा तेजी से शुरू होगा, जिससे धामपुर के लोगों को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी।

# जंगल से लकड़ी लेने गई महिला को टाइगर ने मार डाला

## 10 लाख मुआवजा देगा वन विभाग



महिला का शव उठाकर ले जाते वनकर्मी।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। जंगल में लकड़ी लेने गई महिला की टाइगर के हमले में हुई मौत के बाद वन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई है।**

विदित हो कि शुक्रवार को जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज के ग्राम सांवल्दे निवासी सुखिया देवी पत्नी चंदू सिंह (60) रोजमर्रा की जरूरत के लिए जंगल में लकड़ी लेने गई थी। उसी दौरान जंगल में मौजूद टाइगर ने अचानक उस पर हमला कर दिया और महिला को घसीटकर जंगल के अंदर ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया था। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद महिला का शव जंगल में कुछ दूरी पर मिला। घटना से नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को कुल 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसमें से 2 लाख रुपये तुरंत दिए जाएंगे, जबकि बाकी बची 8 लाख रुपये की राशि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिवार को दी जाएगी।

# बनैली नदी पर नये पुल के लिए विधायक सुशांत सिंह ने किया भूमि पूजन



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** जसपुर मार्ग पर भूतपुरी तिराहे के निकट बनैली नदी के नये पुल के लिए बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने भूमि पूजन कर पुल का शिलान्यास किया। पुराने पुल के क्षतिग्रस्त होने पर नये पुल का निर्माण पुराने पुल के समानान्तर किया जायेगा। शुक्रवार को पुल के निर्माण के लिए बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक सुशांत सिंह ने पूजा पाठ के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके उपरांत नारियल तोड़कर नये पुल के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। पूजा पाठ का कार्यक्रम पंडित मनोज भारद्वाज व पंडित षट्भुज शर्मा ने सम्पन्न कराया। शिलान्यास के कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार, विनय कुमार, सेतु निगम के डीपीएम शशिकांत, ओमप्रकाश सिंह, शुभम देव तोमर, देवराज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकला भव्य नगर कीर्तन



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह का 359वां प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर भव्य नगर कीर्तन भी निकाला गया। रेहड़ स्थित गुरुद्वारे से बैंडबाजे के साथ निकाले गए नगर कीर्तन में पंच प्यारों की अगुवाई में फूलों से सजी गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी आकर्षण का केंद्र बनी थी। गतका पार्टी में दर्जनों युवा गतका, लाठी, तलवार आदि से हैरतअंगेज करतब दिखाते चल रहे थे। क्षेत्र के ग्राम अलीगंज, देवानंदपुर गढ़ी, मनकंदपुर गढ़ी, धर्मपुर चौराहा और रेहड़ आदि स्थानों पर नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। रेहड़ से प्रात:काल शुरू हुआ नगर कीर्तन थांदी फॉर्म, अलीगंज, देवानंदपुर गढ़ी, मनकंदपुर गढ़ी, मकोनिया, धर्मपुर चौराहा, रायपुर बॉर्डर, खालसा कॉलोनी होते हुए शाम को वापस रेहड़ स्थित गुरुद्वारे पर आकर संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी पुलिस बल सहित मौजूद रहे। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा रेहड़ के प्रधान सरदार गुरमीत सिंह, हरजिंदर सिंह, सुखदेव सिंह, सतेन्द्र सिंह, करतार सिंह, जगतार सिंह, निर्मल सिंह, कुलबीर सिंह आदि सिख समाज के प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



नगीना ( चिंगारी )। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। जीआरपी और सिविल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराई और पोस्मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी ने सिविल पुलिस को सूचना देकर बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई और उसका शव हसन अलीपुर भोगन रेलवे फाटक से लगभग सौ मीटर की दूरी पर पड़ा हुआ मिला। मृतक की शिनाख्त गांव धर्मसा नंगली निवासी अजय ( 20 वर्ष ) पुत्र विजय सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर ऑटोप्सी कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। शोकाकुल परिजनों ने बताया कि अजय नशे का आदी था। रात के समय वह नशे की हालत में रेलवे ट्रैक पर गया हुआ था।

# शिवप्रताप को मिला जिला केसरी का खिताब



पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल शुरू कराते अनुज चौधरी एवं अन्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में शिवप्रताप पहलवान ने अपनी शक्ति और हुनर का प्रदर्शन कर जिला केसरी बिजनौर का खिताब हासिल किया।

नांगल क्षेत्र के ग्राम चमरौला में शुक्रवार को भाकियू (लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत द्वारा अपने पिताजी स्व. चौ. प्यारे सिंह की स्मृति में छठा कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। दो दिवसीय दंगल के पहले दिन जिला केसरी की उपाधि के लिये पहलवानों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अनुज चौधरी ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारम्भ किया। पहले राउंड में कुल 12 पहलवानों ने अपनी दावेदारी पेश की, जिसमें शिवप्रताप, जावेद, ओम, पाची, वंश एवं रोहित ने अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को पराजित किया। दूसरे राउंड में रोहित ने पाची को, शिवप्रताप ने जावेद को, वंश ने ओम को हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में शिवप्रताप ने प्वाइंट के आधार पर वंश को हराकर और रोहित ने बाई के आधार पर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में शिवप्रताप पहलवान निवासी कबूलपुर ने रोहित पहलवान निवासी चंदोक को पराजित करके जिला केसरी बिजनौर की उपाधि पर अपना नाम लिखा। अतिथियों ने विजेता शिवप्रताप पहलवान को पीतल की गदा, जिला केसरी की उपाधि का पटका और 11 हजार रुपये की राशि देकर तथा उपविजेता रहे रोहित पहलवान को शील्ड, उपजिला केसरी का पटका और 5,100 रूपये देकर पुरस्कृत किया। रैफरी अनुज पहलवान और राजीव पहलवान रहे।

# गणतंत्र दिवस से पहले विद्यालयों की रंगाई-पुताई करा लें!

## खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को दिये निर्देश

**हरेवली ( चिंगारी )।** खंड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा ने विकास क्षेत्र अफजलगढ़ के अंतर्गत स्थित परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इंचार्ज अध्यापक को गणतंत्र दिवस से पहले विद्यालयों की रंगाई–पुताई व लेखन कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विद्यालय का वातावरण सुंदर बनाने, विद्यालय भवन, शौचालय, रसोईघर, बरामदा आदि की रंगाई करने तथा अपशिष्ट का निदान करने तथा विद्यालय में छोटी–मोटी मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। विद्यालय में जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिये, जिससे विद्यालय का वातावरण सुंदर बन सके। कार्य में लापरवाही/उदासीनता बरतने वाले अध्यापकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी।

# माघ मास में रहेगी व्रत-उत्सव की बहार

## माघ मास में गंगा-स्नान से आरोग्य, सौभाग्य व पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति

**भारतीय संस्कृति में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार हिन्दू धर्म में माघ मास की अनन्त महिमा है। माघ महीने में भगवान श्रीविष्णु, सूर्यदेव और मां गंगा की पूजा-आराधना करने का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि सम्पूर्ण मास स्नान करके आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के पश्चात दान आदि करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल की प्राप्ति होती है। माघ महीने में प्रयाग, हरिद्वार, वाराणसी, नासिक, उज्जैन जैसे अन्य पवित्र स्थानों पर गंगा स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है। इस मास में प्रयागराज में कल्पवास करने की विशेष महिमा है। इस मास में मासपर्यंत निराहार, जलाहार या फलाहार रहकर व्रत करना चाहिए। यदि व्रत करने की स्थिति न बनती हो तो बिना लहसुन, प्याज का शुद्ध सात्विक भोजन एक समय करके माघ मास तक नियम-संयम से रहने पर भगवान श्रीहरि विष्णु की विशेष कृपा प्राप्ति बतलाई गई है। उनके आशीर्वाद से सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।**

ज्योतिर्विद श्री विमल जैन ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार माघ महीने का आरंभ हर वर्ष पौष पूर्णिमा से शुरू होकर माघ पूर्णिमा तक चलता है। इस वर्ष माघ महीने की शुरूआत 4 जनवरी, रविवार से शुरू होकर 1 फरवरी, रविवार तक रहेगी। जिसमें भगवान श्रीगणेशजी का प्राकट्योत्सव, मकर संक्रान्ति, मौनी अमावस्या, बसन्त पंचमी एवं माघी पूर्णिमा आदि पर्व विधि-विधानपूर्वक मनाये जाएंगे। माघ मास में सूर्यदेव की पूजा-आराधना करने से जीवन में पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है। इसी माह में सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं।

### माघ मास : 4 जनवरी से 1 फरवरी तक



### माघ मास की महिमा

इस माह में सूर्य उपासना करने से हर तरह की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। माघ माह में सूर्यदेव धनु राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए अपने पुत्र शनि की राशि मकर राशि में प्रवेश करते हैं। माघ महीने में गंगा समेत कई अन्य पवित्र नदियों में स्नान, पूजन और भगवान श्रीविष्णु की पूजा करने का विधान होता है। कहीं-कहीं पर परम्परा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### माघ मास में विशेष

हिंदू धर्म में माघ का महीना बहुत ही पवित्र होता है। माघ में गंगा स्नान के साथ ही गीता का पाठ भी करना चाहिए। माघ में भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। माघ के महीने में सूर्यदेव को जल अर्पित करना चाहिए और तिल का दान करना चाहिए। इस माह जल में तिल डालकर स्नान करना चाहिए। इसके अलावा माघ माह में प्रतिदिन तुलसी के पौधे की पूजा करनी चाहिए। इस माह आंवला से बनी चीजों का दान और सेवन करना लाभदायक होता है। इस माह तिल का सेवन करना भी अच्छा माना जाता है। इस मास में तिल, गुड़ और कंबल के दान का विशेष महत्त्व माना गया है।

### माघ मास में जो न करें

ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि शास्त्रों में माघ महीने के दौरान कुछ कार्य करना वर्जित बताया गया है। माघ मास में कल्पवासी या व्रतकर्ता को अन्यत्र कुछ भी ग्रहण नहीं करना चाहिए। माघ मास में मूली का सेवन नहीं करना चाहिए। माघ मास में तामसिक भोजन और मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा माह में असत्य और किसी का अपमान नहीं करना चाहिए।



**-ज्योतिर्विद श्री विमल जैन**
**मो. 9335414722**

### माघ मास के प्रमुख व्रत-त्यौहार


**➤ संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी-6 जनवरी, मंगलवार ➤मकर संक्रांति-14 जनवरी, बुधवार ➤ षट्तिला एकादशी-14 जनवरी, बुधवार ➤ तिल द्वादशी-15 जनवरी, गुरुवार ➤ प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत-16 जनवरी, शुक्रवार ➤ स्नान-दान-श्राद्धादि की अमावस्या, मौनी अमावस्या-18 जनवरी, रविवार ➤ गौरी तृतीया-21 जनवरी, बुधवार ➤ वरद् विनायक श्रीगणेश चतुर्थी-22 जनवरी, गुरुवार ➤बसंत पंचमी-23 जनवरी, शुक्रवार ➤अचला सप्तमी-25 जनवरी, रविवार ➤ दुर्गा अष्टमी-26 जनवरी, सोमवार ➤ महानन्दा नवमी-27 जनवरी, मंगलवार ➤जया एकादशी-29 जनवरी, गुरुवार ➤ भीष्म द्वादशी-22 जनवरी, गुरुवार ➤ प्रदोष व्रत-30 जनवरी, शुक्रवार ➤स्नान-दान-व्रत की माघी पूर्णिमा, भैरव जयन्ती-1 फरवरी, रविवार।**

# सावित्रीबाई फुले को मिले 'भारत रत्न'

**जयंती पर विशेष**

भारतीय इतिहास के आकाश में कई सितारे चमके, लेकिन सावित्रीबाई फुले वह ध्रुव तारा हैं, जिन्होंने अंधकार के सबसे कठिन समय में ज्ञान का मार्ग प्रशस्त किया। 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र प्रांत में जन्मी यह महान महिला केवल एक शिक्षिका ही नहीं थी, बल्कि वह मानवीय करुणा, अदम्य साहस और सामाजिक न्याय की साक्षात देवी थी। आज उनका जीवन और उनके विचार हर उस व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं, जो समाज में वास्तविक बदलाव लाना चाहते हैं।

सावित्रीबाई का जीवन संघर्षों की एक ऐसी दास्तान है जिसे सुनकर रूह कांप जाती है। 1848 में जब उन्होंने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर पुणे में लड़कियों के लिए पहले स्कूल खोला, तो उन्हें किसी का समर्थन नहीं, बल्कि पूरे समाज का विरोध झेलना पड़ा। उस दौर के कट्टरपंथियों को एक महिला का पढ़ना और पढ़ाना धर्म के विरुद्ध लगा। जब वे घर से स्कूल के लिए निकलतीं तो रास्ते में खड़े लोग उन पर कीचड़, गोबर और पत्थर फेंकते थे। अपमान की पराकाष्ठा तो यह थी कि लोग उन पर गालियों की बौछार करते थे, लेकिन सावित्रीबाई ने कभी पलटकर पत्थर नहीं चलाया। वह अपने साथ एक अतिरिक्त साड़ी लेकर चलती थीं, स्कूल पहुंचकर साड़ी बदल लेती और गरिमा के साथ अपनी छात्राओं को पढ़ाने बैठ जातीं। उनकी मौन क्रांति ने साबित किया कि महान विचारों को कीचड़ से ढका नहीं जा सकता।



सावित्रीबाई का पूरा जीवन सेवाभावी दर्शन को दर्शाता है। 1897 में जब पुणे में प्लेग की महामारी फैली तो वह 66 वर्ष की उम्र होते हुए भी मरीजों की सेवा करने में लगी रहीं। एक दिन उन्होंने देखा की एक छोटा बच्चा प्लेग से तड़प रहा है। संक्रमण के निश्चित खतरे को जानते हुए भी उन्होंने उस बच्चे को अपनी पीठ पर लादा और अस्पताल की ओर दौड़ पड़ीं। बच्चा तो बच गया, लेकिन इस सेवाभाव के दौरान वे संक्रमित हो गईं और 10 मार्च 1897 को मानवता की सेवा करते हुए इस नश्वर संसार को अलविदा कह दिया।

आज हम जिस आधुनिक और शिक्षित भारत की बात करते हैं, उसकी नींव में सावित्रीबाई फुले की फटी हुई साड़ी और पत्थरों के गांव के निशान हैं। सावित्रीबाई कहती थीं की स्वाभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, क्योंकि अज्ञानता है गुलामी की सबसे बड़ी जंजीर है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि बदलाव लाने के लिए भीड़ की जरूरत नहीं होती, बस एक दृढ़ संकल्प और खुद को तपने की हिम्मत चाहिए। वे भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक, कवि, लेखक और साहित्यकार थीं। सावित्रीबाई का समाज को योगदान किसी भी वैश्विक समाज सुधारक से कम नहीं है। उन्होंने उस समय ज्ञान की ज्योति जलाई जब देश अंधकार के सबसे गहरे दौर में था। सावित्री बाई फुले को उनके त्याग, महिला शिक्षा की नींव रखने और मानवता की नि:स्वार्थ सेवा के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाए तथा उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में आधिकारिक मान्यता दी जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्षों से प्रेरणा ले सकें।

**-देवेन्द्र सैनी देव**
**मो. 9457527866**

# शादियों को बनायें आसान, सुन्नत के तरीके पर चलने का आह्वान

## अफ़ज़लगढ़ में हुआ दहेज मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। दहेज मुक्ति अभियान कमेटी अफजलगढ़ द्वारा शुक्रवार को बाद नमाज जुमा नगर के मेघपुर तिराहा स्थित रॉयल पैलेस में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलाना शफीक अहमद कासमी की सरपरस्ती, मौलाना शौकत अली मजाहिरी की सदारत, हैदराबाद से आए दहेज मुक्ति अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना नसरुल्लाह खान रहमानी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जावेद अमान के मुख्य अतिथ्य एवं मुफ्ती सईदुर्रहमान कासमी की निजामत में हुए इस प्रोग्राम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन व नातेपाक से हुआ। आयोजकों द्वारा कई जिम्मेदार लोगों व अतिथियों को पगड़ी पहनाई गई व बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात वक्ताओं ने दहेज मुक्ति पर अपने-अपने ख्यालात का इजहार किया।

प्रोग्राम को खासतौर से संबोधित करते हुए मौलाना नसरुल्लाह खान रहमानी ने लोगों से नबी (सल्ल.) की सुन्नतों पर अमल करते हुए शादियों को सादगी के साथ अंजाम देने का आह्वान किया। अपने खिताब में जावेद अमान ने दहेज जैसी कुप्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए युवाओं को बिना दहेज शादी को प्रेरित किया। अपने संबोधन में उ.प्र. राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन शेख सुलेमान ने सभी कबीलों (बिरादरियों) के जिम्मेदार लोगों से अपने-अपने कबीलों में आपसी सलाह-मशवरा से इस नेक मिशन की कामयाबी के लिए कमेटियां बनाकर काम करने की सलाह दी। मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने कहा कि शादियों को आसान बनाया जाए ताकि गरीब बच्चियों की शादियां भी आसानी से हो सकें। मौलाना शफीक अहमद कासमी ने लोगों से बड़ी संजीदगी के साथ इस नेक काम को आगे बढ़ाने और अपने-अपने हल्के की मस्जिदों में इस बाबत राय मशवरा कर उलेमा/जिम्मेदार लोगों की निगरानी में इस मिशन को लेकर चलने का आह्वान किया।



दहेज मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते मौलाना नसरुल्लाह खान रहमानी।


कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रवासीगण।

नगर व आसपास के क्षेत्र के तमाम लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुए इस प्रोग्राम के आयोजन में फहीम कस्सार, शुऐब कुरेशी, रज्जाक ठेकेदार, रिजवान अंसारी, शमीम माहीगीर, सुरूश अनवर मसूद एड., वाजिद अल्वी, नदीम इदरीसी, कसीम कुरैशी, नदीम हानी, काशिफ अंसारी, इमरान अल्वी आदि का अहम रोल रहा। प्रोग्राम में चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, शेख इस्लामुद्दीन, सभासद रिजवान हसन, पूर्व सभासद इकरार कुरैशी, मौलाना इस्माईल कुरैशी नदवी, मुफ्ती नईम कासमी वगैराह की मौजूदगी काबिल-ए-गौर रही।

## दहेज मुआशरे की बहुत बड़ी बुराई- जैनब

### महिलाओं ने भी दिलाया दहेज मुक्ति अभियान में सहयोग का भरोसा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। दहेज मुक्ति अभियान कमेटी द्वारा आयोजित जागरूकता के दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन आज नगर के मोहल्ला नेजो सराय स्थित मदरसा जामिउल उलूम में महिलाओं का विशाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर निवासी शमा नरगिस की निजामत में हुए इस प्रोग्राम को मुरादाबाद से तशरीफ़ लाई आलिमा जैनब ने खासतौर से खिताब किया। उन्होंने कुरआन-ओ-हदीस का हवाला देते हुए दहेज को मुआशरे की बहुत बड़ी बुराई बताया और समाज के इस बदनुमा दाग को मिटाने के लिए महिलाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज दहेज के बढ़ते चलन की बदौलत समाज के गरीब तबके की तमाम बहन-बेटियां शादी के बगैर उम्र के ढलते पड़ाव तक जा पहुंची हैं जो हम सबके लिए बेहद शर्मनाक है। उन्होंने समाज में गरीब-अमीर की खाई को पाटने के लिए दहेज को जड़ से खत्म करने पर जोर दिया। प्रोग्राम को शमा नरगिस, हज्जन शमीमा सहित पर्दे के अहतिमाम के साथ अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना नसरुल्लाह खान रहमानी ने भी खिताब फरमाया। कार्यक्रम में नगर व आसपास के इलाके की महिलाओं ने बड़ी तादाद में शिरकत की। मौलाना शौकत अली मजहिरी व अब्दुल रज्जाक सहित आयोजक टीम के सदस्यों ने प्रोग्राम की व्यवस्था बनाने में पर्दे का ख्याल रखते हुए अहम भूमिका निभाई।

# मुशायरे में गूंजे रिफ़अत सरोश की यादों के तराने

## तहज़ीब अबरार 'रिफ़अत सरोश सम्मान' से नवाजे गये

**नगीना ( चिंगारी )**। स्थानीय 'गुलिस्ताने शाहिद' में 'कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट' के तत्वावधान में प्रसिद्ध शायर रफत सरोश की याद में 'याद-ए-रिफअत सरोश' जिला स्तरीय मुशायरे का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर शुजाउद्दीन ने की और कुशल संचालन बहार शम्सी नगीनवी द्वारा किया गया।

मुशायरे का आगाज मुफ्ती कफील अहमद द्वारा 'तिलावते कलाम मजीद' से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि गौरव गोयल और मनीष राना ने संयुक्त रूप से शमा रोशन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। ट्रस्ट के चेयरमैन परवेज आदिल माही ने रफत सरोश के जीवन संघर्ष और अदबी योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहसपुर निवासी मशहूर शायर तहजीब अबरार को शाल, स्मृति चिंह आदि भेंट कर 'रिफअत सरोश सम्मान' से अलंकृत किया गया। मुशायरे में जिले भर से आए नामचीन शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।


शमा रोशन करते अतिथि।



मशहूर शायर तहजीब अबरार को पुरस्कृत करते अतिथि।

बहारुद्दीन बहार ने कहा- मैं इन्हें फूल बनाने का हुनर रखता हूं, जिसमें हिम्मत हो मेरी सम्त उछाले पत्थर। तसलीम अहमद तसलीम ने कहा- पेट भूखा न कोई सो जाए, कुछ पड़ोसी की भी खबर रखिये। अशरफ शेरकोटी ने कहा - आये कहां से अब तेरी दुनिया में रोशनी, जुज़दान में लपेटके सूरज को रख दिया। हाफिज नगीनवी ने कहा- गरीबी को वो कैसे मात देगा, कमर जिसकी कमानी हो गयी है। डॉ. अहतशाम तिश्ना ने कहा- मुझ पे इल्जाम न रख लब नहीं खोले मैंने, मुझसे टकराके तेरे हाथ का पत्थर चीखा। तहजीब अबरार ने कहा - जरा सी मैंने उसे खुद में क्या जगह दे दी, अब अपने आप में उससे रहा नहीं जाता। डॉ. दाऊद नूर ने कहा- हम तो बढ़ेंगे उनकी जानिब जिनको अदावत हमसे है, दुश्मन को दुश्मन ही रखना अपने बस की बात नहीं।

माहिर स्योहारवी ने कहा- मेरी आवाज का पत्थर निशाने से नहीं चूका, मैं जालिम को कभी जालिम बताने से नहीं चूका। शाहिद अंजुम ने कहा हम भी अब जुल्फ पे अशआर नहीं कहते हैं, वो भी जुल्फों को परेशां नहीं होने देता। इस ऐतिहासिक शाम में शेख शमीम (दिल्ली), नंदकिशोर, मास्टर वसीम, डॉ. मौअज्जम हुसैन रियाजी, मास्टर मोहम्मद काशिफ, तनवीर अख्तर, शहजाद हुसैन, परवेज पाशी, शेख नगीनवी, मास्टर फहीमुद्दीन, राशिद उसमानी, जुबैर इकबाल जनजानी, तनवीर आलम, यासीन सैनी, मुनीर आलम, अहमद जैन, मौ. यूनुस, मौ. साकिब सहित भारी संख्या में अदब प्रेमी मौजूद रहे।

# सब तरफ हैं मेडिकल अस्पताल के चर्चे नकली डाक्टर लिख रहा था दवाई के पर्चे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला अस्पताल जिसे मेडिकल अस्पताल कहा जाता है, में रोज अनोखे कारनामे हो रहे हैं। शुक्रवार को भी ऐसे ही एक कारनामे को लेकर खूब हंगामा हुआ। आपको जानकर हैरत होगी कि मेडिकल अस्पताल में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठा एक नकली डॉक्टर मरीजों को देख रहा था और दवाइयां लिख रहा था। इस घटना का वीडियो वायरल होने से हड़कम्प मच गया।


पकड़ा गया आरोपी

शुक्रवार को जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष 25 में बैठने वाले टीबी एवं छाती विशेषज्ञ डॉ. तुषार सिंह की कुर्सी पर कोई अन्य व्यक्ति मरीजों को देख रहा था। वह तुषार सिंह की मोहर लगे पर्चों पर दवाइयां भी लिख रहा था। पुराने मरीज के पर्चे पर मुहर लगाकर लिख रहा था कंटीन्यू सेम ट्रीटमेंट। उल्टी सीधी दवाई लिखे पर्चे चीफ फार्मेसिस्ट राजेश रवि व अन्य फार्मेसी स्टाफ के पास पहुंचे तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने कक्ष 25 में जाकर देखा तो यह देखकर हैरान हो गये कि डॉ. तुषार की कुर्सी पर कोई और बैठा था। उसने मुंह पर मास्क लगा रखा था। पूछने पर वह अपना नाम भी नहीं बता रहा था। जोर देने पर उसने बताया कि वह डॉ. तुषार का असिस्टेंट है। स्टाफ ने डॉ. तुषार को फोन मिलाकर पूछा तो उन्होंने भी उसे अपना असिस्टेंट बताते हुए कहा कि वह बीएएमएस चिकित्सक है। लेकिन जब स्टाफ ने युवक से पूछा तो उसने खुद को डॉक्टर होने से इन्कार किया। डॉ. तुषार ने उसका नाम दिनेश बताया।

गहमा-गहमी और पूछताछ के दौरान फर्जी डॉक्टर अस्पताल से खिसक गया। बाद में डॉक्टर तुषार ने उस व्यक्ति को अपना असिस्टेंट होने से इन्कार कर दिया। डॉक्टर तुषार ने कहा कि उनसे जब फोन पर पूछा गया था तो वे समझे कि उनकी अनुपस्थिति में उनका कोई असिस्टेंट ही मरीज देख रहा होगा।

### सीएमएस ने कहा..

**जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बी.आर. त्यागी ने पूछे जाने पर बताया कि स्टाफ द्वारा इस विषय में उनसे कोई शिकायत नहीं की गई। यदि ऐसा हुआ है तो बहुत गलत है। वे कमेटी बनाकर जांच कराएंगे। जो भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।**

### मरीजों के जीवन से हो रहा खिलवाड़

घटना से साफ पता चलता है कि मेडिकल अस्पताल में मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है और इस गोरखधंधे में अस्पताल के डाक्टरों की मिलीभगत है। मेडिकल अस्पताल में पहले भी कई बार गंभीर अनियमितताएं पकड़ी गई हैं। लोगों का कहना है कि जब मेडिकल अस्पताल खुद भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं का शिकार है, तब यहां रोगियों का समुचित उपचार कैसे होगा।

# बैटरों के दुश्मन चोर, निशाने पर हल्दौर

**हल्दौर ( चिंगारी )।** कुछ माह से नगर के बाजारों में बेखौफ चोरों ने दुकानों में चोरी कर आतंक मचा रखा है। चोर ज्यादातर दुकानों को निशाना बनाकर वहां से पैसों के साथ-साथ इनवर्टर के बैटरे मुख्य रूप से चोरी कर रहे हैं। कस्बा पुलिस इन चोरों के आगे पस्त नजर आ रही है। पिछले कुछ माह में नगर की आधा दर्जन दुकानों में बैटरे चोरी हो चुके हैं। चोरी की घटनाओं से नगर के व्यापारियों में काफी रोष व्याप्त है। नगर में व्यापारियों की दुकानों से हो रही बैटरा चोरी की घटनाओं को कस्बा पुलिस रोक नहीं पा रही है।

### दुकानों में चोरी की वारदातों से आतंक

बृहस्पतिवार की रात्रि चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए मुख्य बाजार टाट मोहरा पर स्थित धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दिन्ने की दुकान के शटर के ताले तोड़कर दुकान में रखा बैटरा व एक लाख रुपए से ज्यादा की नगदी चोरी कर ली थी। इससे पहले कुछ माह पूर्व चोर टाट मोहरा बाजार पर ही स्थित समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार भोले की दुकान के शटर के भी ताले तोड़कर दुकान में रखा बैटरा व हजारों रुपए की नगदी रखा हुआ गल्ला चोरी करके ले गए थे। इसके कुछ दिन बाद चोरों ने पोखर बाजार पर स्थित मोहसिन फरीदी की रेडीमेड की दुकान से भी हजारों रुपयों की नगदी व बैटरा चुरा लिया था। चोरों ने पोखर बाजार पर स्थित असलम अंसारी की जूतों की दुकान से भी बैटरा चुराया, साथ ही इसी बाजार में अफजाल की कन्फेक्शनरी की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपयों का सामान चोरी कर लिया था और नदीम की सेलून की दुकान से भी शटर का ताला तोड़कर बैटरा चुरा चुके हैं। नगर के व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक व थाना पुलिस से नगर में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए चोरी की घटनाओं का खुलासा करने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# गोताखोरों ने बचाई जान, अंजुम के रूप में हुई पहचान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को मध्य गंगा बैराज पुल के गेट नम्बर 5 से एक महिला ने गंगा में छलांग लगा दी। महिला को छलांग लगाते देख लोगों ने शोर मचाया तो भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत में सुधार है। महिला की पहचान अंजुम (35 वर्ष) पत्नी गुलजार, निवासी सहसपुर थाना हस्तिनापुर, जनपद मेरठ के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक परिजन महिला को मानसिक रूप से अस्वस्थ बता रहे हैं। फिलहाल महिला का उपचार जारी है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि गंगा में कूदी महिला को पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित बचा लिया। महिला के परिजनों से पूछताछ की गई है। महिला के भाई ने पुलिस को बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है।



# अमीर नहटौरी को मिला जिगर मुरादाबादी अवार्ड



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय अदब परिषद मुरादाबाद द्वारा नये साल के शुभारम्भ में आयोजित महफिले ए मुशायरा में बिजनौर के मशहूर शायर व अदीब अमीर नहटौरी को उर्दू / हिंदी साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर 'जिगर मुरादाबादी अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

2 जनवरी को शाह साफा मुरादाबाद में एक तरहइ मुशायरा आयोजित किया गया, जिसमें अमीर नहटौरी को पूर्व घोषणा अनुसार जिगर मुरादाबादी अवार्ड से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय अदब परिषद के अध्यक्ष तहसीन मुरादाबादी व मंत्री शायर मुरादाबादी ने सयुक्त रूप से सम्मानित करते हुए कहा कि अमीर नहटौरी को उर्दू अदब में विशेष योगदान के उपलक्ष्य में सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। जबकि अमीर नहटौरी ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा कि उर्दू के विश्व प्रख्यात शायर जिगर मुरादाबादी के शहर में मुझ नाचीज़ को इतना बड़ा सम्मान दिया जाना मेरे लिए वास्तव में ख़ुशी की बात है। इस अवसर पर महफ़िल में मौजूद सरफराज़ हुसैन सरफराज़ पीपल सानवी, अतुल कुमार शर्मा (संभल), बिस्मिल भोजपुरी, गुफरान सीसीनवी, डॉ. बुराक पीपल सानवी,नफीस पाशा, मुक़ीम, शुएब जमाल, दावर मुरादाबी, करीम मुरादाबादी, जुबेर मुरादाबादी आदि शायरों अदीबों ने मुख्य रूप से शिरकत की। माह दिसम्बर में 'महफिल ए खुशरंग' हावड़ा पश्चिमी बंगाल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी अमीर नहटौरी को अल्लामा अवार्ड का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जा चुका है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# स्टेयरिंग फेल होने से खोई से भरा ट्रक हाईवे पर पलटा


हाईवे पर पलटा खोई से भरा ट्रक।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर खोई से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से हाईवे की एक साइड बंद हो गई। कड़ी मशक्कत कर ट्रक और खोई हटवाए जाने पर चार घंटे बाद यातायात बहाल हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर एक ट्रक बुंदकी शुगर मिल से खोई भरकर काशीपुर जा रहा था। जब ये बस स्टॉप के निकट पहुंचा तो अचानक उसकी कपलिंग टूट गई, जिससे उसका स्टीयरिंग फेल हो गया। स्टेरिंग का काम बंद करने से चालक ट्रक पर नियंत्रण खो बैठा और वे डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। ट्रक पलटने व खोई सड़क पर फैल जाने से हाईवे की एक लैन बंद हो गई और जाम की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत कर जेसीबी और केन की मदद से खोई और ट्रक हटवाए जाने से शाम 6 बजे लगभग 4 घंटे बाद यातायात बहाल हुआ। ट्रक चालक मौ. अरबाब निवासी मुरादाबाद ने बताया कि वह अकेला बुंदकी शुगर मिल से ट्रक में गन्ने की खोई भरकर काशीपुर जा रहा था। अचानक कपलिंग टूटने से स्टेयरिंग फेल होने के कारण ट्रक पलटने से ये हादसा हो गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### चार घण्टे तक बाधित रहा यातायात

### बड़ा हादसा होने से टला

जिस स्थान पर ये हादसा हुआ वो बस स्टॉप से लगभग 100 मीटर की दूरी पर है और यहां हर समय यात्री खड़े रहते हैं। गनीमत हुई कि इस हादसे के समय ट्रक की चपेट में कोई अन्य वाहन नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बस स्टॉप के निकट हुई है इस हादसे से कुछ दूरी पर खड़ी यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

# हाईवे पर नववर्ष का केक काटकर जश्न मनाने वाले दस युवक गिरफ्तार

## पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर की कार्रवाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने नेशनल हाईवे पर बीचों बीच बुलेट गाड़ी पर केक रखकर नववर्ष का जश्न मनाने वाले नजीबाबाद के दस युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर गढ़ी स्थित कोटद्वार-हरिद्वार को जाने वाले नवनिर्मित फोर लाइन सड़क के बीच कुछ युवकों ने नववर्ष की रात केक काटकर जमकर हंगामा कर जश्न मनाया था। जिससे सड़क पर यातायात भी बाधित हुआ था। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर



वायरल होने के बाद पुलिस ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल कर आरोपी युवकों नौमान पुत्र यासीन, अमीर पुत्र नईम, अरमान पुत्र यामीन, शादान पुत्र विकार अहमद निवासीगण ग्राम मौजमपुर तुलसी गढ़ी, शादमान पुत्र इस्लाम, आशु पुत्र राजपाल, वंश पुत्र राजाराम, अबुजर पुत्र राशिद, सोनू पुत्र रहीस, लवी कुमार पुत्र कोमल सिंह निवासीगण ग्राम पूरनपुरगढी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाईकिल को भी कब्जे में लेकर उसे एमवी एक्ट में सीज कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई मौ. कय्यूम, एसआई अनीस अहमद, हेड कांस्टेबल भारत मलिक, कांस्टेबल सुनील कसाना, सौरभ कुमार, अशोक, सुभाष कुमार, सीताराम, सनुज व सदीप आदि शामिल रहे।

# किसानों का धरना समाप्त

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा गंगा खादर क्षेत्र, नांगल में भूमि संबंधी समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। धरने का नेतृत्व कर रहे प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह तथा संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गंगा खादर क्षेत्र नांगल में वन विभाग की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा किये गये अवैध कब्जे की निष्पक्ष पैमाइश कराने, जिन किसानों के नाम खतौनी में दर्ज हैं, उन्हें उनकी भूमि दिलाने, वन विभाग की भूमि पर खड़े अवैध कब्जों/फसल की नियमानुसार नीलामी कराने आदि की मांगें की। भाकियू (अराजनैतिक) के प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह ने कहा कि 7 जनवरी तक समस्या का समाधान न होने पर महापंचायत कर एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी। इस मौके पर सरदार इकबाल सिंह, कुलबीर सिंह, सुखजिंदर सिंह गोल्डी, विजय सिंह, पुनीत चौहान, भूरे सिंह, हिमांशु चौधरी, शहाबुद्दीन राईन, शुभम, राजवीर काकरान, प्रशांत चैधरी, सफदर शेख, मोहम्मद नजर, हितेश चैधरी आदि किसान उपस्थित रहे।



# रातों-रात तालाब को दिया पाट, ग्रामीणों में रोष

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम महावतपुर बिल्लौच में कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने रातों-रात एक तालाब को पाट दिया, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम महावतपुर बिल्लौच में सती मंदिर के पास तालाब है जिसमें गांव के जानवर नहाते व पानी पीते है। कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने रात में तालाब में मिट्टी का भरान कर तालाब को पाट दिया है। यह गांव के गरीब लोगों के साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने एसडीएम से तालाब का भरान तुरंत रूकवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हरीश कुमार, रोहिताश, सुभाष, प्रेमचंद, संजय, राहुल, अजय सिंह आदि शामिल रहे।



# ब्लॉक प्रमुख ने गरीबों को कम्बलों का वितरण कराया

## डीएम व जिलाध्यक्ष ने पुनीत कार्य बताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा मुख्य अतिथि डीएम जसजीत कौर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी की मौजूदगी में ब्लॉक परिसर में कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के 1200 व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरित किये गये हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम जसजीत कौर ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व उनके साथियों द्वारा आयोजित किया गया यह कार्य बेहद पुनीत एवं उत्कृष्ट उदाहरण है। भीषण ठंड में निर्धन लोगों को कम्बल उपलब्ध कराना उनकी पीड़ा को दूर करने का सार्थक प्रयास है। समाज के सभी सम्पन्न व्यक्तियों को इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने चाहियें। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चैहान बॉबी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम हमारी भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक, आदर्श पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के सबसे अन्तिम व्यक्ति के उत्थान (अन्त्योदय) के सपने को साकार करता नजर आता है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल इसके लिये बधाई के पात्र हैं। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि निर्धन की सेवा करना ईश्वर की पूजा के समान है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके मन को काफी शांति मिलती है। सभी जनप्रतिनिधियों को निर्धन जनता की सेवा के लिये इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने चाहियें। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों के 1200 निर्धन व्यक्तियों को कम्बल वितरित किये गये। कम्बल पाकर निर्धन एवं वृद्ध ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ब्रजराज सिंह देशवाल एड. के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार संतोष यादव, बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया, गन्ना विकास समिति के संचालक सुधीर चौधरी, ईशम सिंह, प्रशांत चौधरी, राहुल हुड्डा, सतपाल सिंह, हिमांशु राजपूत, धीर सिंह, अर्पण चैधरी आदि मौजूद रहे।



डीएम व जिलाध्यक्ष के साथ गरीबों को कम्बल बांटते ब्लॉक



# इम्पीरियल स्कूल के बच्चों ने ताइक्वांडों में पदक जीते

नजीबाबाद (चिंगारी)। जिला खेल कार्यालय द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में छठी इंटर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 1 जनवरी 2026 को किया गया। इस कार्यक्रम में नजीबाबाद के इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। स्वर्ण पदक जीतने वालों में जतिन, शौर्य, मोहम्मद कैफ, स्वर्णिम, रजत पदक जीतने वालों में मोहम्मद हसीब, कांस्य पदक जीतने वालों में केशव, मोहम्मद अली, मोहम्मद जियान, देव कुमार शामिल रहे। रेफरी ट्रॉफी जतिन तोमर ने हासिल की। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतकर बच्चों ने अपना, स्कूल व कोच वंशिका चौहान का नाम रोशन किया।

# एतिहासिक रही हस्तिनापुर में आयोजित केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक : दिनेश उपाध्याय






**मेरठ ( चिंगारी )। विश्व हिंदू परिषद की ओर से ऐतिहासिक भूमि हस्तिनापुर में आयोजित केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक के सफल आयोजन के उपरांत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में उपस्थित केंद्रीय एवं प्रांतीय अधिकारियों ने एक स्वर में इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए सभी व्यवस्थाओं की सराहना की।**

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख श्रीमान दिनेश उपाध्याय ने कहा कि इस भव्य आयोजन में देश-विदेश से 400 से अधिक प्रन्यासी प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। आवास, यातायात, सुरक्षा, सज्जा, मंच, जल, भोजन व प्रचार-प्रसार सहित सभी व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित एवं चाक-चौबंद रहीं। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में लगे सभी प्रमुखों व कार्यकर्ताओं का कार्य अनुकरणीय एवं अविश्वसनीय रहा, जिसके कारण बैठक

## बैठक उपरांत समीक्षा बैठक आयोजित, केंद्रीय व प्रांतीय अधिकारी रहे उपस्थित

में भव्यता व दिव्यता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उन्होंने कहा केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक वर्ष की दो सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक होती है, जो प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न प्रांतों में आयोजित की जाती है। इस बार मेरठ प्रांत में आयोजित बैठक में देश-विदेश से लगभग 400 से अधिक प्रन्यासी प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन से कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता का विस्तार होता है। श्री उपाध्याय ने कहा कि केंद्रीय सहमंत्री मनोज वर्मा, मेरठ प्रांत के प्रांतमंत्री राजकुमार डूंगर एवं संगठन मंत्री अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन ऐतिहासिक बना। समीक्षा बैठक में सर्व व्यवस्था प्रमुख प्रेम सिंह, सहव्यवस्था प्रमुख निवेश वशिष्ठ, सहमंत्री जितेंद्र चौधरी, अमित जिंदल, प्रांत उपाध्यक्ष रविंद्र लांबा व छाया बहन, ललित जोशी, गौरव प्रताप, गौरव भटनागर, राहुल गोयल, नवदीप गर्ग, ब्रजेश कुमार, जयपाल सैनी, सुधीर अग्रवाल, कैलाश उपाध्याय, मधुवन आर्य, विद्याचरण, घनश्याम सिंह, डॉ. अक्षत जैन सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ठंड में ठिठुर रहे लोगों को कंबल ओढ़ाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर के मुहल्ला गोकुलनगर निवासी आशू



गोयल रात्रि में नगर में घूमकर कड़ाके की ठंड से कांप रहे लोगों को कम्बल ओढ़ा रहे हैं। नगर में कहीं कोई भंडारा हो या महाशिवरात्रि, आशू गोयल सेवा करने में हमेशा आगे रहते हैं। वे अपने पास से कांवरतियों की पानी की बोतलें, फल आदि वितरित करने के साथ ही प्रतिवर्ष ठंड के मौसम में घर-घर जाकर व रात्रि में नगर में घूमकर जरूरतमंदों को कम्बल ओढ़ाते हैं।

## छुट्टी पर हैं सूर्य भगवान भीषण सर्दी में सब परेशान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** दो दिनों से फिर सूर्यदेव छुट्टी पर हैं। पूरा दिन कोहरे की चादर में लिपटा रहता है तथा लोग भयंकर ठंड एवं शीतलहर में ठिठुरते, कांपते रहते हैं। हालांकि कोहरा नीचे उतरकर विजिबिलिटी को प्रभावित नहीं कर रहा है।

बृहस्पतिवार को दिनकर देवता कोहरे की चादर को चीर पाने में सफल हुए थे। मगर पिछले दो दिनों से एक बार फिर प्रभाकर प्रभु छुट्टी पर हैं। कोहरे ने आसमान में ऐसी मजबूत चादर फैला दी है कि मार्तण्ड महाराज उसे चीरकर एक क्षण को भी अपना मुंह बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। साथ में हल्की शीतलहर भी चल रही है। आसमान में फैली कोहरे की चादर के कारण दिनकर देवता के दर्शन न देने तथा साथ में शीतलहर चलने से पिछले दो दिनों से भयंकर ठंड पड़ रही है। कड़ाके की ठंड से हाथ-पैर सुन्न हो रहे हैं तथा शरीर कांप रहे हैं। लोग जगह-जगह अलाव जलाकर ठंड का मुकाबला करने का प्रयास कर रहे हैं। वातावरण में रिकॉर्ड ठिठुरन है, जिस कारण पिछले दो दिन इन सर्दियों के सबसे ठंडे दिन महसूस हुए हैं। शाम होते ही मौसम और ज्यादा सर्द हो जाता है। जानकारों का कहना है कि आसमान की चोटी पर चढ़ा हुआ कोहरा बादलों में परिवर्तित होकर बारिश की संभावनायें पैदा कर सकता है। बारिश के बाद ही मौसम साफ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## थानाध्यक्ष ने किया फ्लैग मार्च



**किरतपुर ( चिंगारी )। नवागत थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने गुरुवार देर शाम नगर में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने नगर के मुख्य बाजार सहित गली-मोहल्ले में स्टाफ के साथ फ्लैग मार्च निकाला। थाना अध्यक्ष का कहना है नगर की सुरक्षा व्यवस्था तथा क्राइम कंट्रोल उनकी पहली जिम्मेदारी है।**

## डा. रोहताश जमदग्नि को मिला विनोबा भावे सर्वोदय सम्मान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एमएम इंटर कालेज चांदपुर में शिक्षक डा. रोहताश जमदग्नि को आचार्य विनोबा भावे सर्वोदय शिक्षा सम्मान 2025 से सम्मानित किया



गया। डा. रोहताश जमदग्नि ने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में हाईब्रिड मोड के माध्यम से अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसका विषय था 'सनातन के सूर्योदय में ग्रहों का विश्लेषण'। डा. जमदग्नि को दोनों संस्थाओं ने 'प्रशस्ति-पत्र' से भी अलंकृत किया, क्योंकि डा. रोहताश ने अपने शोध पत्र में महागठबंधन को अनेक बिंदुओं पर नंगा किया, जो सनातन के सूर्योदय में महागठबंधन के घटक दल राष्ट्र विरोधी ग्रहों की भूमिका अदा करते सिद्ध किए। डा. जमदग्नि शोधार्थी जीवन में 125 शोध पत्र लिख चुके हैं। 180 राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में सहभागिता कर चुके हैं। एक सफल व्याख्याता के रुप में डा. जमदग्नि के 207 समसमायिकी लेख, 215 कविताएं, 17 आलेख, 25 जीवन वृत्तांत विभिन्न राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इतना ही नहीं, 13 ग्रन्थों में अपने अध्याय भी डा. रोहताश जमदग्नि लिख चुके हैं।

## व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केन्द्रित किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सी.वी. रमन इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय शांति शिक्षा कार्यक्रम (पीईपी) के दूसरे दिन शिक्षकों और कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रेम रावत की शिक्षाओं से प्रेरित इस सत्र में अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए अपने अस्तित्व के प्रति आभार व्यक्त करना है। उन्होंने बताया कि आंतरिक शक्ति-शांति को एक आंतरिक संसाधन के रूप में पहचानना और चुनौतियों से निपटने के लिए स्पष्टता, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रालोद नेता चौ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मानसिकता में बदलाव के माध्यम से यह कार्यक्रम समाज में सुधार की नींव रख सकता है। प्रधानाचार्य डॉ. संजीव अग्रवाल ने उल्लेख किया कि शिक्षकों के लिए तनावमुक्त रहकर शिक्षा प्रदान करने हेतु ये सूत्र अत्यंत आवश्यक हैं। यह पहल बिजनौर के शैक्षणिक समुदाय में आत्म-अवलोकन और मानसिक कल्याण को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में इंजीनियर अनिल सिंह, कौशल कुमार, प्रमोद कुमार, ईश्वर सिंह, अंजू त्यागी, सुमन तोमर, कृष्णपाल सिंह सुमित कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दो भाइयों के घरों में चोरी

## पुलिस और फोरेंसिक टीम ने की मौके पर जांच पड़ताल



**नहटौर ( चिंगारी )।** अज्ञात चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सतर्कता को चुनौती देते हुए जरीफपुर चतर में दो भाइयों के घरों से सोने चांदी के आभूषण सहित 4 लाख से अधिक सामान चोरी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

शुक्रवार शनिवार की रात्रि में चोरों ने जरीफ़पुर निवासी पंकज पुत्र रामपाल सिंह जो अपने घर में सोया हुआ था, छत के रास्ते से घर मे घुसे चोरों ने कमरे में रखी सेफ अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण, ढाई हजार की नगदी, कीमती कपड़े आदि सामान चोरी कर लिया। चोरों ने बराबर में स्थित उनके भाई के कमरे से चांदी की एक पाजेब और कपड़ा चोरी कर लिया। आहट होने पर पंकज ने जैसे ही शोर मचाया तो कर दीवार फांदकर फरार हो गए पीड़ित गृह स्वामी का दावा है कि उसने चोरों को भागते हुए देखा है। सूचना मिलने पर रात्रि में ही पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंच गई। मौके पर जांच पड़ताल की गई।

# तहसीलदार ने बंद कराया बिना अनुमति संचालित बाज़ार

## व्यापारियों को सामान जब्त करने की चेतावनी



**नहटौर ( चिंगारी )।** बिना अनुमति संचालित शानदार बाजार को तहसीलदार धनराज सिंह एवं अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने टीम के साथ पहुंचकर बंद करा दिया। भविष्य में बिना अनुमति बाजार लगाने पर व्यापारियों का सामान जब्त करने की चेतावनी दी। शुक्रवार को तहसीलदार धनराज कुमार व अधिशासी अधिकारी ओमगिरि पालिका एवं राजस्व टीम के साथ एजेंसी चौराहा स्थित शानदार मार्केट में पहुंचे। जहां पर उन्होंने साप्ताहिक बाजार लगाने का अनुमति पत्र मांगा गया। बाजार संचालक अनुमति पत्र नहीं दिखा पाये। प्रशासनिक अधिकारियों ने बाजार लगा रहे व्यापारियों को हटवा दिया और चेतावनी दी गई कि यदि उनके द्वारा बिना अनुमति के बाजार लगाया गया तो उनके सामान जब्त कर लिया जायेगा।

# पड़ रही है कड़ाके की ठंड, एक हजार लोगों के लिये कंबल लेकर पहुंचा मुस्लिम फण्ड



**नहटौर ( चिंगारी )।** मुस्लिम फण्ड नहटौर के तत्वावधान में लिहाफ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक हज़ार गरीबों को कंबल वितरित किये गये। धामपुर मार्ग स्थित मुस्लिम फण्ड गर्ल्स इंटर कालेज में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुस्लिम फण्ड के पदाधिकारियों ने कहा कि मुस्लिम फण्ड समय-समय पर गरीबों, मजलूमों के लिए कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, जिनमें नि:शुल्क स्वास्थ शिविर, हाजियों के लिए प्रशिक्षण शिविर, कंबल वितरण आदि अनेक ऐसे कार्य है। कार्यक्रम में महमूद मोदी, डॉ. परवेज़ व इमरान निज़ामी और मुस्लिम फण्ड के जिम्मेदार लोगों ने संयुक्त रूप से कंबल वितरित किए। गरीबों ने कंबल पाकर मुस्लिम फण्ड के जिम्मेदार लोगों को अपनी दुआओं से नवाजा। कार्यक्रम में मुस्लिम फण्ड के अध्यक्ष मुफ़्ती आरिफ, प्रबंधक शमीम अहमद व महताब अहमद, मुस्लिम फण्ड इंटर कालेज के अध्यक्ष डा. परवेज आलम, प्रबंधक जफर एडवोकेट, सेक्रेटरी महमूद मोदी, सदस्य सेठ रियाज अहमद, इमरान निजामी, तारिक महमूद, मौलाना मईनुद्दीन, मुनीरुद्दीन आदि का विशेष योगदान रहा।

# बस चालक ने पेश ईमानदारी की मिसाल

**अमरोहा ( चिंगारी )।** अमरोहा जिले के मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के चुचैला कस्बा निवासी तस्लीम चांदपुर (बिजनौर) डिपो में बस चालक के पद पर कार्यरत है। गुरुवार देर शाम दिल्ली से सवारियों को लेकर जाते हुए गजरौला से चांदपुर के बीच रास्ते में बस चुचैला कलां पहुंची तो यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से यात्रियों को निगम की दूसरी बस में स्थानांतरित कर दिया गया। इस दौरान ग्राम जमना खास निवासी यात्री अनमोल त्यागी हड़बड़ी में अपना बैग बस की सीट पर रखा भूल गये थे। चालक तस्लीम अहमद की अचानक नजर सीट पर पड़े बैग पर पड़ी तो उन्होंने ग्रामीणों की उपस्थिति में बैग की जांच की तो बैग खोलने पर उसमें 40 हज़ार रुपये नगद, एक सोने की चेन, एक मोबाइल फोन, आवश्यक दस्तावेजों समेत कुछ कपड़े व बिस्कुट आदि खाने का सामान मिला। बैग में मिले दस्तावेजों से मिले फोन नंबर के आधार पर यात्री से संपर्क किया तब जाकर यात्री को राहत मिली।

# ऋण योजना का लाभ उठायें फड़ धारक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि ( पीएम स्वनिधि ) योजना अंतर्गत पुनर्गठन के उपरान्त आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु 15 हजार रूपये का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।जो भी फड़ धारक ( रेहड़ी, पटरी ) उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गया हो तो वह एक सप्ताह के भीतर कार्यालय नगर पालिका परिषद कार्यालय बिजनौर से जानकारी प्राप्त कर उक्त योजना से लाभान्वित हो सकता है।





# साहित्य कला मंच ने साहित्यकारों को सम्मानित किया

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** अन्तरराष्ट्रीय साहित्य कला मंच मुरादाबाद द्वारा 'साहित्यकार सम्मान-समारोह-2026' का आयोजन महानगर के एक मण्डप में किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात अधिवक्ता एवं सांस्कृतिक श्लाका पुरूष सुधीर गुप्ता ने की। मथुरा नगरी से पधारे कवि एवं आचार्य डॉ. अनिल गहलौत मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर बरेली से पधारे न्यायाधीश राघवेन्द्र मणि अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में रहे तथा साहित्यकार नरेन्द्र गरल (बदायूं) एवं कैप्टन प्रो. राजीव कुमार विशिष्ट अतिथि के आसन पर आरूढ़ रहे।

डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. महेश दिवाकर ने संस्था का परिचय देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, ओंकार सिंह ओंकार, वीरेन्द्र ब्रजवासी, नरेन्द्र गरल और डॉ. महेश दिवाकर के सद्य: प्रकाशित सजल-संग्रहों का लोकार्पण अतिथियों ने सामूहिक रूप से किया। योगेन्द्र व्योम, कृष्ण शुक्ल, राजीव प्रखर, उदय सक्सेना उदय और डॉ. मनोज रस्तोगी ने लोकार्पित कृतियों की समीक्षाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर सुधीर गुप्ता (मुरादाबाद), डॉ. अनिल गहलौत, डॉ. प्रशांत गहलौत (मथुरा), देवेश सिसोदिया (हाथरस), न्यायाधीश राघवेन्द्र मणि (बरेली), डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा 'सुधांशु' (बिसौली), नरेन्द्र 'गरल' (बदायूं), सुरेश ठाकुर और डॉ. महेश 'मधुकर' (बरेली), जितेन्द्र कमल आनंद और शिव चंदन (रामपुर), वीरेन्द्र 'ब्रजवासी', डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, ओंकार सिंह 'ओंकार', चन्द्रहास कुमार 'हर्ष', रघुराज सिंह 'निश्चल', विवेक 'निर्मल', प्रो. राजीब चौहान, डॉ. राकेश 'चक्र' (सभी मुरादाबाद) और डॉ. अभय कुमार, डॉ. शमा परवीन (बिजनौर) को मंच की ओर से शॉल, सम्मान पत्र और मोतियों की माला पहनाकर विविध साहित्यिक अलंकरणों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. महेश दिवाकर और विवेक निर्मल ने संयुक्त रूप से किया।

# संगीत सोम के विरुद्ध बयान देना महंगा पड़ा, गौरव चौहान ने थप्पड़ जड़ा


**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )**। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में समाजवादी पार्टी के कैंडल मार्च के दौरान उस समय हंगामा हो गया, जब करणी सेना के प्रदेश सचिव गौरव चौहान ने सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के साथ मारपीट कर दी। बाद में पुलिस ने गौरव को पकड़कर उसका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया, लेकिन सिटी मजिस्ट्रेट ने उसे जमानत दे दी।



दरअसल, भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने बांग्लादेशी क्रिकेटर को खरीदने पर फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के विरुद्ध बयान दिया था। इसको लेकर गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने भी संगीत सोम के खिलाफ बयान दिया था। कल शाम जब सपा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाल रहे थे, तब महावीर चौक पर गौरव चौहान, जिया चौधरी से भिड़ गया और उनके साथ मारपीट कर दी। मामले में दोनों ओर से पुलिस में तहरीर दी गई है।

# गैंगस्टर ने खुद को बेड़ियों में जकड़ा

## बोला- अब कभी घर से बाहर नहीं निकलूंगा



**शामली ( चिंगारी )**। पुलिस ने गैंगस्टर फिरोज खान पर शिकंजा कसा तो उसने खुद अपने हाथों में बेड़ियां डाल लीं। कहा कि अब वह कभी घर से बाहर नहीं निकलेगा। इंसाफ मिलने तक घर में ही रहेगा। उसने बेड़ियों पर वैल्डिंग कराने की बात भी कही। झिंझाना थाना क्षेत्र के निवासी गैंगस्टर फिरोज खान की 30 करोड़ रुपये की संपत्ति 25 दिसम्बर को कुर्क की गई थी। इसके बाद फिरोज ने एक वीडियो जारी कर पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने एनकाउंटर की आशंका जाहिर की थी। उधर, बुधवार को फिरोज के परिवार की महिलाओं ने इंटरनेट पर झिंझाना थाने का एक वीडियो प्रसारित करते हुए पुलिस पर थाने बुलाकर वीडियो हटाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इस प्रकरण में पुलिस ने गुरुवार देर रात फिरोज, उसकी बहन तथा कुछ अन्य परिजन के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। शुक्रवार को फिरोज ने अपनी फेसबुक आईडी से दो वीडियो प्रसारित किये, जिसमें वह खुद को बेड़ियों में जकड़ा दिखा रहा है। एक वीडियो में भी जंजीर को अपने हाथ में पहनकर वैल्डिंग करता दिख रहा है। जंजीर का दूसरा हिस्सा दीवार में फिक्स दिख रहा है। वीडियो में फिरोज कह रहा है कि उसके साथ कुछ भी हो सकता है। बता दें कि फिरोज पर हत्या, रंगदारी, सामूहिक दुष्कर्म, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा और गैंगस्टर एक्ट के तहत 22 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध व अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अकाउंट (इंस्टाग्राम) पर एक धर्म विशेष के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी शाकिब पुत्र आबिद निवासी ग्राम जगदीशपुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि उक्त युवक ने सोशल मीडिया पर अकाउंट (इंस्टाग्राम) पर एक विडियो शेयर की थी, जिसमें हिंदू समाज के खिलाफ टिप्पणी की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर यह कार्रवाई की।

# ग्राम प्रधान ने गरीबों को कम्बल बांटे

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम राहतपुर के ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी ने सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए गांव के वृद्धों व विधवा महिलाओं को कम्बल वितरित किये। ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी ने बताया कि इस समय बहुत ज्यादा ठंड पड़ रही है। ठंड के मौसम को देखते हुए गांव में वृद्ध व विधवा महिलाओं को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरित किये गये हैं। उन्होंने ऐसे लगभग 30 गरीब लोगों का कंबलों का वितरण किया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के द्वारा किये गये इस कार्य की सराहना की।

# ओम इंटर कॉलेज में हुआ किशोरावस्था शिक्षा क्षमता निर्माण कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकगण।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला स्थित ओम इंटर कॉलेज में किशोरावस्था शिक्षा क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन दो दिवसीय कार्यक्रम में 30 से अधिक विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरावस्था से जुड़ी शैक्षिक व सामाजिक जानकारियों को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सचिन सिंह, श्रीमती आदर्श त्यागी, विद्यालय प्रबंधक महेन्द्र सिंह यादव तथा प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


# कार्यालय नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर

**पत्रांक : 553/न.पं. झालू/2025-26** **दिनांक: 01/01/2026**

## -:ई-टेण्डर सूचना:-

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ के पत्र संख्या: तक.सेल/07/निदे./2019 दिनांक: 28 जून, 2019 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्ट्रर्ड बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर में टाउन फण्ड, राज्य वित्त, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, सीवरेज जल निकासी योजना, पेयजल व्यवस्था योजना, 15 वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर में निर्माण कार्य कराने हेतु ऑनलाइन निविदा दिनांक 03 जनवरी, 2026 तक वेबसाईट www.entender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित तिथि को सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 25/E-Tender/2025-26 |
| Publish Date and time for ref. | 03 January, 2026 on 10:00 AM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 22 January, 2026 on 02:00 PM |
| Date and Time of Opening Tender | 23 January, 2026 on 03:00 PM |
| Place of Opening E-Tender | E&ecutive Officer Nagar Panchayat Jhalu |
| E-Tender Security | 10% |
| E-Tender document processing | As Per Tender |

| अवर अभियंता | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पंचायत झालू | नगर पंचायत झालू | नगर पंचायत झालू |
| जनपद- बिजनौर | जनपद- बिजनौर | जनपद- बिजनौर |

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

## ‘स्वयं से पहले आप’ पर आधारित है रासेयो का उद्देश्य : मनमोहन सिंह



शिविर के उद्घाटन में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्वयंसेवी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राइका कोटद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आज से शुरू हो गया।

विद्यालय के सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य बलवीर सिंह रावत व राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत ने कहा कि देश में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में हुई। रासेयो युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार का प्रभावी प्रकल्प है, जिसके माध्यम से छात्र एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा के व्यापक कार्य में संलग्न होने के लिए प्रेरित किया जाता है। विशिष्ट अतिथि बलवीर सिंह रावत ने कहा कि सेवा के साथ ही राष्ट्र की एकता-अखंडता तथा सांस्कृतिक विरासत को बचाना भी रासेयो का उद्देश्य है। उन्होंने रासेयो के स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि वह आदर्श समाज के निर्माण के लिए आगे आएं।

राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि रासेयो का आदर्श वाक्य ‘स्वयं से पहले आप’ है। रासेयो के प्रत्येक स्वयंसेवी का अनुशासित होना आवश्यक है। वह जन सरोकारों से जुड़ें और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए आगे आयें। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी शिक्षक मुकेश रावत के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. पदमेश बुडाकोटी, रासेयो के सह प्रभारी डबल सिंह रावत, बी.एड. प्रशिक्षु मानसी रावत व आशी शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में रासेयो के स्वयंसेवी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वयंसेवी छात्र/छात्राओं ने आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## विद्या मंदिर बालासौड़ में भी रासेयो शिविर का शुभारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुक्रवार को बालासौड में आरंभ हो गया है। शिविर का आरंभ मुख्य अतिथि बालासौड़ पार्षद नीरूबाला खंतवाल, जिला सदस्य मेरा युवा भारत नमन भटनागर, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र रावत एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो शांतनु रावत व प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह द्वारा शिविर के उद्देश्य पर जानकारी दी गई। वहीं अतिथियों ने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर मिलता है और यह राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, शिवराम बडोला, राजन कुमार आदि आचार्य उपस्थित रहे।

## एसजीआरआर में एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुक्रवार को आरंभ हो गया है। विद्यालय प्रांगण में आयोजित शिविर का उद्घाटन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी, एनएसएस जिला नोडल अधिकारी परितोष रावत, पूर्व क्षेपंस सुनीता कोटनाला, पार्षद प्रेमा खन्तवाल एवं प्रधानाचार्य दिनेश सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने एनएसएस के उद्देश्यों पर जानकारी दी, वहीं अन्य अतिथियों ने छात्रों से बेहतर समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी ने शिविर के दौरान किए जाने वाले कार्यों पर जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## राठौर को पकड़ने की कोशिश घर पर चिपकाया नोटिस

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** अंकिता हत्याकांड ऑडियो वीडियो प्रकरण में फरार चल रहे सुरेश राठौर के आवास पर देहरादून पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है। उन्हें थाने में पेश होने के निर्देश दिए गये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरेश राठौड़ को बार-बार थाने में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने पुलिस को कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने उनके घर पर नोटिस चस्पा किया है। अब देहरादून पुलिस की इस कार्रवाई के बाद यह माना जा रहा है कि जल्द ही सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उधर इसी मामले से जुड़ी अभिनेत्री उर्मिला सनावर भी पुलिस कार्यवाही से बचती नजर आ रही है। बुधवार को बहादराबाद पुलिस ने उनके आवास पर नोटिस चस्पा किया था। इसके अगले ही दिन बृहस्पतिवार को झबरेड़ा और ज्वालापुर पुलिस ने भी उर्मिला सनावर के घर पर नोटिस चिपकाए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि नोटिस के बावजूद संबंधित लोग पेश नहीं होते हैं। तो उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस की टीमें दोनों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## समिति ने कण्वाश्रम पर चलाया सफाई अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नव वर्ष के आगमन के अवसर पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को चक्रवर्ती सम्राट राजा भरत की जन्मस्थली कण्व आश्रम में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर आश्रम परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ संस्था द्वारा पूर्व में रोपित एवं संरक्षित पौधों की निराई-गुड़ाई की गई। इस अवसर पर समिति संस्थापक राम भरोसा कंडवाल ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना सभी लोगों का कर्तव्य है। बड़ी मात्रा में वृक्षारोपण कर ही पर्यावरण असंतुलन से बचा जा सकता है, इसलिए सभी को वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर मनमोहन काला तथा जगत सिंह नेगी सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## वोट सत्ता के लिए नहीं सत्य के लिए करें- स्वामी चिदानंद

### संन्यास दीक्षा महोत्सव



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ऋषिकेश, हरिद्वार के श्री सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर, नील धारा गंगा तट, चंडी घाट, हरिद्वार के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज के पंचम संन्यास दीक्षा महोत्सव ने आध्यात्मिक चेतना, सनातन मूल्यों और राष्ट्रबोध को एक सशक्त दिशा प्रदान की। इस अवसर पर शंकराचार्य जी, आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती, महंत रविन्द्र पुरी जी महाराज, आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी बालकानन्द जी महाराज, आचार्य लोकेश मुनि, आचार्य बालकृष्ण, अनेक संत, महापुरूष एवं महात्माओं का गरिमामयी सान्निध्य प्राप्त हुआ। संतों ने अपनी ओजस्वी, स्पष्ट और चिंतनशील वाणी से सभी को सम्बोधित अपने विचार रखते हुए कहा कि आज का समय केवल साधना का नहीं, बल्कि सजग, सज्जन और सक्रिय नागरिक बनने का है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि वर्तमान समय में वोट सत्ता के लिए नहीं, सत्य के लिये करें।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने अत्यंत स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोकतंत्र में मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। जब हम अपने मत का प्रयोग करते हैं, तो हम केवल सरकार नहीं चुनते, बल्कि देश की दिशा, संस्कृति की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह विवेक, मूल्य और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर निर्णय ले।

## बूचाखाल में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल की ओर से खेल महाकुंभ के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को जयहरी खाल विकास खंड के अंतर्गत राउमावि बूचाखाल में किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि क्षेपंस कुमारी सपना द्विवेदी, मनोज जुयाल व प्रधानाचार्य मधुसूदन हिंदवाण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल के माध्यम से छात्र अपना भविष्य बना सकते हैं, इसलिए छात्रों को अध्ययन के साथ ही खेलों में भी उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए। तत्पश्चात आयोजित अंडर 14 बालक वर्ग की 60 मी. दौड़ में अभय कुकरेती, अभिषेक रावत व अनिकेत रावत क्रमश: पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। ऊंची कूद में अक्षय कुकरेती, लंबी कूद में लकी व गोजा फेंक में अनुराग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में रिया पहले स्थान पर रही। अंडर 19 बालक वर्ग की 100 मी. दौड़ में रामकृष्ण 400 मी. दौड़ में आयुष नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग की 100 मी. दौड़ में आकृति रावत व 200 मी. दौड़ में तनुजा नेगी प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी में जीकेआइसी असनखेत विजेता व राउमावि बूचाखाल उपविजेता रहे। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटिर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# सुकमा-बीजापुर में मुठभेड़ : सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को किया ढेर

## नक्सली कमांडर मंगडु भी मारा गया

**छत्तीसगढ़ (एजेंसी/चिंगारी)।** बस्तर रेंज में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीजापुर और सुकमा जिलों में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, बीजापुर और सुकमा जिलों के दक्षिणी इलाकों में सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। अभियान के तहत दक्षिण बस्तर क्षेत्र में डीआरजी की विशेष टीमों को रवाना किया गया था। ऑपरेशन के दौरान बीजापुर जिले में सुबह लगभग 5 बजे से डीआरजी और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी रही। वहीं, सुकमा जिले में भी सुबह लगभग 8 बजे सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग की स्थिति बनी हुई है।



लगातार जारी मुठभेड़ों के बीच, अब तक तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थलों से कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इनमें बीजापुर जिले से 2 और सुकमा जिले से 12 माओवादी शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने इन नक्सलियों के पास से एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल सहित कई अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। बता दें कि सुकमा में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस कार्रवाई को नक्सली गतिविधियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। सूत्रों से खबर है कि मारे गए नक्सलियों में कई ऐसे भी शामिल हैं जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव की हत्या में संलिप्त थे। इस पूरे ऑपरेशन की कमान सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण खुद संभाल रहे थे। सूत्रों के अनुसार, इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मंगडु के भी मारे जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी प्रतीक्षारत है।






## मदरसा शिक्षा बोर्ड ने जारी की परीक्षाओं की तारीख
## दो पालियों में 9 फरवरी से शुरू होगा इम्तिहान

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड परिषद की ओर से साल 2026 के लिए अरबी और फारसी विषयों से जुड़े बोर्ड परीक्षाएं को लेकर टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। परिषद के तरफ से जारी आदेश में मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू होगी, जो 14 फरवरी को खत्म हो जाएगी। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में करवाया जाएगा। पहली पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होगी। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा



दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इस दौरान कुल 80,100 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, यूपी के सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। परिषद की ओर से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए गए हैं ताकि परीक्षा से संबंधित सभी काम समय से पूरा हो सकें। जारी निर्देश के मुताबिक 9 फरवरी को धर्मशास्त्र (शिया/सुन्नी), 10 फरवरी को फारसी साहित्य और अरबी साहित्य, 11 फरवरी को उर्दू साहित्य, 12 को सामान्य इंग्लिश, 13 फरवरी को सामान्य हिंदी और 14 फरवरी को मैथ्य, होम साइंस, लॉजिक एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टाइपिंग जैसे सबजेक्ट की परीक्षाएं होंगी। वहीं, इसके अलावा आखिरी दिन कई ऑप्शनल विषयों की परीक्षाएं भी करवाई जाएंगी। इन परीक्षाओं को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज कुमार अग्रवाल ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद के निर्देश के मुताबिक, सभी काम निर्धारित समय पर पूरी हो और शांतिपूर्ण परीक्षाओं को करवाया जाए।